# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 24 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# संविधान बेंच करेगी शिवसेना विवाद की सुनवाई

## संविधान बेंच तय करेगी कि स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव लंबित होने पर भी क्या वह विधायकों की अयोग्यता पर सुनवाई कर सकते हैं

**नई दिल्ली:** शिवसेना को लेकर उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट के बीच चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला 5 जजों की संविधान बेंच को सौंप दिया है। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच ने कहा कि संविधान बेंच तय करेगी कि स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव लंबित होने पर भी क्या वह विधायकों की अयोग्यता पर सुनवाई कर सकते हैं। संविधान बेंच के समक्ष यह मामला 25 अगस्त को लिस्ट होगी। चीफ जस्टिस ने कहा कि संविधान बेंच यह तय करेगी कि शिवसेना के चुनाव चिह्न पर आयोग अभी अपनी सुनवाई जारी रखे या नहीं क्योंकि आखिरकार चुनाव चिह्न पर फैसला आयोग को ही लेना है, लेकिन 25 अगस्त की सुनवाई तक आयोग इस प्रक्रिया को रोके रखे। पार्टियों के आंतरिक लोकतंत्र और उसमें चुनाव आयोग की भूमिका पर भी संविधान बेंच विचार करे। इस मामले पर सुनवाई के दौरान शिंदे गुट के वकील हरीश साल्वे ने अयोग्यता को लेकर स्पीकर के अधिकार और प्रक्रिया को पूरा करने से जुड़े कई बिंदुओं को रखा था और उन पर विस्तृत सुनवाई की मांग की थी। साल्वे ने कहा था कि जब तक विधायक पद पर है, तब तक वह सदन की गतिविधि में हिस्सा लेने का अधिकारी है। वह पार्टी के खिलाफ भी वोट करे तो वह वोट वैध होगा। तब चीफ जस्टिस ने पूछा था कि क्या एक बार चुने जाने के बाद विधायक पर पार्टी का नियंत्रण नहीं होता। वह सिर्फ पार्टी के विधायक दल के अनुशासन के प्रति जवाबदेह होता है। उद्धव गुट की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि मामला संविधान पीठ को मत भेजें। सिब्बल ने कहा था कि जो विधायक अयोग्य ठहराए जा सकते हैं, वह चुनाव आयोग में असली पार्टी होने का दावा कैसे कर सकते हैं। तब चीफ जस्टिस ने कहा था कि ऐसा करने से किसी को नहीं रोका जा सकता।

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के वकील अरविंद दातार ने कहा था कि अगर हमारे पास मूल पार्टी होने का कोई दावा आता है, तो हम उस पर निर्णय लेने के लिए कानूनन बाध्य हैं। दातार ने कहा था कि विधानसभा से अयोग्यता एक अलग मसला है। हम अपने सामने रखे गए तथ्यों के आधार पर निर्णय लेते हैं।

उद्धव ठाकरे गुट ने कहा था कि जब तक शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला नहीं हो जाता, चुनाव आयोग को तब तक अपनी कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। याचिका में कहा गया था कि अभी शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता करवाई का मामला लंबित है, ऐसे में निर्वाचन आयोग ये तय नहीं कर सकता है कि असली शिवसेना कौन है।



## राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त वादों के खिलाफ लगी याचिका पर करीब 45 मिनट तक सुनवाई हुई

# रेवडी कल्चर गंभीर मुद्दा: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** चुनावों के दौरान मुफ्त में उपहार व सुविधाओं के वादों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई जारी है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मुफ्त उपहार महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस पर बहस की जरूरत है। सीजेआई एनवी रमण ने कहा कि मान लीजिए कि केंद्र एक कानून बनाता है कि राज्य मुफ्त में चीजें नहीं दे सकते, तो क्या हम कह सकते हैं कि ऐसा कानून न्यायिक जांच के अधीन नहीं आएगा? दरअसल, देश की भलाई के लिए सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे को सुन रही है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि ग्रामीण गरीबी से जूझ रहे व्यक्ति के लिए मुफ्त उपहार महत्वपूर्ण हैं। जिन सवालों का निर्णय किया जाना है वे हैं- मुफ्तखोरी क्या है और लोगों की भलाई क्या है?

**सुप्रीम कोर्ट भी मान चुका रेवड़ी कल्चर को गंभीर:** बता दें कि 11 अगस्त को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने रेवड़ी कल्चर को गंभीर माना था। सुप्रीम कोर्ट का दो टूक कहना था कि पैसों का उपयोग इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए होना चाहिए। इस मामले में आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट को तर्क दिया था कि कल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त के रेवड़ी कल्चर में अंतर है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अर्थव्यवस्था, पैसा और लोगों के कल्याण के बीच संतुलन जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ये फ्री योजनाएं देश, राज्य और जनता पर बोझ बढ़ाता है। इस पर सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि सरकार भी इस बात से सहमत है। याचिकाकर्ता ने विशेषज्ञ कमेटी बनाने की मांग की थी, लेकिन बेंच ने कहा कि पहले अन्य के सुझाव पर भी गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर इस मुद्दों पर विचार के लिए विशेषज्ञ कमिटी के गठन की मांग का विरोध किया था।

**आम आदमी पार्टी ने जताया था ऐतराज:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवड़ी कल्चर वाले बयान पर आम आदमी पार्टी सहित कई विपक्षी दल के नेताओं ने ऐतराज जताया था। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोदी के बयान के तत्काल बाद पूरे गुजरात में प्रदर्शन किया था। आम आदमी पार्टी ने 200 यूनिट तक बिजली बिल माफी जैसी मुफ्त या अत्यधिक सब्सिडी वाली सेवाओं के दिल्ली मॉडल को प्रदर्शित करके चुनावी अभियान गुजरात में अपने चुनावी अभियान को आधार बनाया है। इसे लेकर ही फ्रीबीज पर ये बवाल मचा है।




### सुप्रीम कोर्ट का बाबा रामदेव को फटकार

**नई दिल्ली: एलोपैथी** डॉक्टर्स पर बयानबाजी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव से कई सवाल किए हैं। मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने रामदेव से सवाल किए। कोर्ट ने एलोपैथी और इसके अभ्यास करने वाले डॉक्टरों को बदनाम करने की कोशिश करने वाले विज्ञापनों के संबंध में बाबा रामदेव की खिंचाई की। केंद्र से बाबा रामदेव को ऐसे बयान देने से रोकने के लिए कहा गया है।

'रामदेव एलोपैथी डॉक्टरों पर आरोप क्यों लगा रहे हैं?': इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से दायर याचिका पर चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना की अध्यक्षता में पीठ ने सुनवाई की। पीठ में जस्टिस हिमा कोहली और सीटी रविकुमार भी शामिल थे। कोर्ट ने कहा, 'बाबा रामदेव एलोपैथी डॉक्टरों पर आरोप क्यों लगा रहे हैं? उन्होंने योग को लोकप्रिय बनाया यह अच्छा है, लेकिन उन्हें अन्य प्रणालियों की आलोचना नहीं करनी चाहिए।' एलोपैथी के खिलाफ मीडिया में रामदेव के विज्ञापन की जानकारी होने पर चीफ जस्टिस ने कहा, 'इसकी क्या गारंटी है ।

### बेनामी संपत्ति के लिए 3 साल की सजा का कानून निरस्त किया

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने बेनामी संपत्ति के लिए 3 साल की सजा का कानून निरस्त कर दिया है। तीन साल की सजा का प्रावधान बेनामी ट्रांजैक्शन (प्रोहिबिशन) एक्ट की धारा 3(2) में था। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह भी कहा कि संपत्ति जब्त करने का अधिकार पिछली तारीख से लागू नहीं होगा। यानी पुराने मामलों में इस कानून के तहत कार्रवाई नहीं होगी। केंद्र सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि बेनामी ट्रांजैक्शन कानून में संशोधन पिछली तारीख से लागू नहीं होगा। इस कानून के तहत सरकार को संपत्ति जब्त करने का मिला अधिकार पिछली तारीख से लागू नहीं हो सकता है। इसका मतलब है कि पुराने मामलों में इस कानून के तहत कार्रवाई नहीं हो सकती है। बेनामी संपत्ति का मतलब है कि वैसी संपत्ति जिसकी कीमत किसी और ने चुकाई और नाम किसी दूसरे व्यक्ति का हो। ये संपत्ति पत्नी, बच्चों या किसी रिश्तेदार के नाम पर भी खरीदी गई हो सकती है। ऐसा काला धन छुपाने के लिए किया जाता है।

# मोदी ने भारतीय संस्कृति को दुनिया के समाने रखा: नड्डा

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उन्मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि उनके 50 साल के सार्वजनिक जीवन, 20 साल के प्रशासनिक जीवन में भ्रष्टाचार उनको छू तक नहीं पाया है। वे "एक जीवन" एक लक्ष्य" को लेकर सार्थक रूप से जीते हैं। वे हर पल देश की सेवा के लिए समर्पित हैं। यहां एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में "मोदी@20" पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी "एक जीवन, एक लक्ष्य" को सार्थक रूप से जीते हैं "ये सिर्फ कहने के लिए नहीं है, ये हम सभी ने देखा है उनको ऐसा करते हुए। हर दिन, हर पल, हर वर्ष मोदी की पॉपुलैरिटी बढ़ती ही गई है।

जब-जब सर्वे हुआ है सीटों का आंकड़ा भी बढ़ा है और उनकी पॉपुलैरिटी भी बढ़ी हुई है। नड्डा ने आगे कहा कि मोदी ने जीवन की बहुत सी चीजों को बदलने का प्रयास किया है। उन्होंने राजनीति को देखने का नजरिया भी बदला है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी@20 पुस्तक में नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली के कई स्तंभ हैं। 1- जनता को पहली प्राथमिकता 2- एकता और विकास की राजनीति 3- समन्वेषी अर्थव्यवस्था 4- वसुधैव कुटुम्बकम।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संस्कृति को जोड़ा है, दुनिया के सामने भारत की विरासत को रखा है। उन्होंने ने भारत के "एक जिला, एक उत्पाद" को दुनिया भर में आगे बढ़ाया है।

### बीएसएफ ने फिरोजपुर से हथियार बरामद किये

**नई दिल्ली:** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 182 बाटालियन ने मंगलवार को दैनिक जांच और तलाशी के दौरान पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर स्थित खेत से दो कपड़े के रोल बरामद किये। रोल सफेद रंग के कपड़े में लपेटे गए थे। तलाशी के दौरान उक्त रोल में से तीन एम-3 राइफल व चार मैगजीन, तीन एके-47 व छह मैगजीन और दो पिस्तौल व चार मैगजीन बरामद हुई। फिलहाल बीएसएफ ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए स्थानीय थाना पुलिस को कहा है।

# 'अनुब्रत मंडल को नहीं छोड़ा तो तुम्हारे परिवार...'



**कोलकाता:** आसनसोल एसपीएल सीबीआई कोर्ट के जज राजेश चक्रवर्ती ने दावा है कि उन्हें मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार अनुब्रत मंडल मामले में धमकी मिली है। जस्टिस चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें अनुब्रत मंडल को जमानत की मांग वाला धमकी भरा पत्र मिला है। इसमें कहा गया है कि अनुब्रत को जमानत नहीं दी गई तो उनके परिवार को एनडीपीएस केस में फंसाया जाएगा। बता दें कि टीएमसी बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल को सीबीआई ने पशु तस्करी मामले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में कल उनसे सीबीआई दफ्तर में पूछताछ भी हुई थी।

**सीबीआई टीम ने रिश्तेदारी की संपत्ति के रिकॉर्ड का मिलान किया:** सीबीआई की टीम मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस नेता अनुब्रत मंडल और उनके रिश्तेदारों की संपत्ति के रिकॉर्ड का मिलान करने बीरभूम जिले के अतिरिक्त उप रजिस्ट्रार के कार्यालय पहुंची। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई की चार सदस्यों की टीम अतिरिक्त जिला उप रजिस्ट्रार के कार्यालय मामले में छापेमारी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों के साथ पहुंची। अधिकारी ने कहा, ह्यहमारे हाथ मंडल की संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज लगे हैं, जिनमें से कुछ दस्तावेज संपत्ति को दूसरे के नाम पर स्थानांतरित करने संबंधी भी हैं। हमारे अधिकारी उनका मिलान अतिरिक्त जिला उप रजिस्ट्रार कार्यालय से कर रहे हैं। सीबीआई पता लगा रही है कि क्या इन संपत्तियों को कथित मवेशी तस्करी से अर्जित आय से खरीदा गया। अधिकारी ने बताया कि सीबीआई अब भी तृणमूल नेता मंडल से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि मंडल को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

### सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक बढ़ी



**नई दिल्ली: दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले के आरोपित और दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक बढ़ा दी है। 27 अगस्त को सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। मंगलवार को सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट इस मामले के सह-आरोपितों वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत याचिका पर भी 27 अगस्त को ही सुनवाई करेगा। आज ही कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन को नियमित जमानत दी है। स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने पूनम जैन को एक लाख रुपये के मुचलके पर नियमित जमानत देने का आदेश दिया। इसके पहले 6 अगस्त को कोर्ट ने पूनम जैन को अंतरिम जमानत दी थी। 29 जुलाई को कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

## अतिवृष्टि से उत्पन्न संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रदेशवासियों के साथ : शिवराज

# मप्र: बारिश से बने बाढ़ के हालात

**भोपाल:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले 48 घंटों में निरंतर बारिश के कारण प्रदेश के मध्य और पूर्वी भाग में भोपाल, विदिशा, राजगढ़, गुना, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, जबलपुर वर्षा ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। कई स्थानों पर नदियाँ खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कुछ गाँवों में जलभराव की स्थिति बनी है। मैं स्वयं कल से लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हूँ। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रदेशवासियों के साथ है। हम राहत और बचाव के कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अतिवृष्टि से जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। मुख्यमंत्री चौहान मंगलवार को प्रदेश में जारी वर्षा, विभिन्न जिलों में बाढ़ की स्थिति और चल रहे राहत कार्यों की निवास कार्यालय पर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक के बाद मीडिया को दिए संदेश में बताया कि उन्होंने रात को मंत्रालय स्थित स्टेट सिचुएशन रूम पहुँचकर प्रदेश की स्थिति का जायजा लिया। जिलों के कलेक्टर्स से वर्षा की स्थिति की जानकारी ली तथा बचाव और राहत कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटे में हमने गाँवों से पानी के बीच घिरे 400 से अधिक व्यक्तियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला है। लगभग 2300 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई हैं।



## मोहाली में 2 किमी इलाका सील, नो फ्लाई जोन बनाया, धारा 144 लागू

# पंजाब: पीएम मोदी के दौरे पर सुरक्षा चाक चौबंद

**चंडीगढ़:** पिछली बार सुरक्षा चूक से सबक लेते हुए पंजाब पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे को लेकर मोहाली में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए हैं। पीएम यहां होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करेंगे। समारोह स्थल के 2 किमी इलाके को पूरी तरह सील कर दिया गया है। इलाके को नो फ्लाई जोन बना दिया गया है। पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। पिछली बार सुरक्षा चूक के चलते इस बार करीब 7 हजार जवान ड्यूटी पर मुस्तैद हैं। पंजाब पुलिस के अलावा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के अफसर सुरक्षा की निगरानी कर रहे हैं। पीएम सिक्योरिटी के लिए स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के अफसर भी मोहाली पहुंच चुके हैं। इलाके में पुलिस के अलावा गार्ड और स्नाइपर कमांडोज भी तैनात किए गए हैं। बम डिस्पोजल स्क्वॉयड और डॉग स्क्वायड भी स्टैंडबाई पर रखा गया है।



**3 हेलिपेड बनाए गए:** पीएम मोदी के लिए अस्पताल के सामने ही 3 हैलिपेड बनाए गए हैं। आसपास के इलाकों से बिजली के खंबे हटा दिए गए हैं। आसपास फुटपाथ को तोड़कर सड़क बना दी गई है। मुल्लापुर में समागम स्थल की तरफ जाने वाली सड़क रिपेयर की जा चुकी है। फिलहाल पीएम का हेलिकॉप्टर से आकर उसी से वापस जाने का प्रोग्राम है।

हालांकि प्रशासन की तरफ से पीएम सिक्योरिटी की ब्लू बुक के हिसाब से वैकल्पिक रूट भी तैयार कर लिया गया है।

# यूपी: नशे के कारोबारियों की अब खैर नहीं...

## यूपी: ड्रग माफियाओं की जब्त होगी संपत्ति, लगेंगे पोस्टर

**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अवैध शराब तथा ड्रग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा के दौरान कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंगलवार को समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि इसमें संलिप्त माफियाओं और उनके गुर्गों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। इस अभियान में चिन्हित अपराधियों की संपत्ति जब्त की जाने की कार्रवाई की जाये। सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर्स लगाए जाएँ ताकि राष्ट्र के खिलाफ अपराध कर रहे ऐसे अपराधियों को समाज में सबक सिखाया जा सके। प्रदेश के युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए योगी सरकार ने नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में यूपी पुलिस ने सोमवार को हुक्काबार एवं अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ अभियान चलाया।



# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### करछना क्षेत्र खाई गांव में बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

**करछना।** क्षेत्र के खाई गांव में बंदरों के आतंक से ग्रामीण बेहद परेशान है। आए दिन बंदरों द्वारा लोगों पर हमला किए जाने से अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। वही घर के बाहर व छत पर रखे गए सामान को भी तहस-नहस कर देते हैं। बंदरों को पकड़वाने को लेकर कई बार लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन, किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बुधवार सुबह के वक्त उक्त गांव निवासी लवलेस पांडे ने अपने दो मोबाइल फोन खाट पर रखकर घर के अंदर चले गए थे। जिसकी कीमत 16 हजार 9 सौ व 6 हजार रूपए की थी। उसी बीच बंदरों के झुंड ने पहुंच कर दोनों मोबाइल फोन को लेकर भाग गए। जिसे देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। अनिल कुमार सोनी, प्रदीप कुमार, सुरेश लाला ने बताया कि बंदरों की आदत इस कदर बढ़ गई है कि कोई भी व्यक्ति सामान लेकर जा रहा है तो उस पर हमला कर सामान छीन कर भाग जाते है। जिससे ग्रामीण हताश व परेशान हैं।

# पुलिस चौकी में घूस लेते दारोगा गिरफ्तार

## प्रयागराज में एंटी करप्शन टीम ने नोटों के साथ पकड़ा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर चौकी इंचार्ज आशीष राय को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को एंटी करप्शन लखनऊ की टीम ने पुलिस चौकी पर ही दारोगा को पकड़ा और उसके कब्जे से रिश्वत के 10 हजार रुपये बरामद किए। दारोगा के खिलाफ फाफामऊ थाने में मुकदमा लिखा जा रहा है। आरोप है कि मुकदमे से नाम निकालने के लिए चौकी इंचार्ज ने श्रृंगवेरपुर निवासी अयोध्या कुमार पैसे मांगे थे। अभियुक्त आशीष गाजीपुर के सैदाबाद का निवासी है।

## नाम हटाने के लिए लगातार धमकाकर मांग रहा था पैसे

बताया गया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के श्रृंगवेरपुर निवासी अयोध्या के खिलाफ एक शख्स ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। उस मुकदमे की विवेचना चौकी इंचार्ज आशीष को मिली थी। आरोप है कि आशीष लगातार अयोध्या पर पैसा देने का दबाव बना रहा था। वह धमकी भी देता था कि अगर पैसा नहीं मिला तो मुकदमे से उसका नाम नहीं हटेगा। पत्नी व बेटे का नाम भी जोड़ दिया जाएगा। इससे परेशान होकर अयोध्या ने एंटी करप्शन आर्गनाइजेशन लखनऊ में संपर्क किया।एंटी करप्शन की गोपनीय जांच में शिकायत सही पाई गई तब ट्रैप करने की योजना बनी। यह भी कहा जा रहा है कि मंगलवार को चौकी इंचार्ज ने अयोध्या के मोबाइल पर फोन करके धमकाया और पैसा पहुंचाने के लिए कहा। इस पर एंटी करप्शन की टीम चौकी पहुंची और फिर चौकी इंचार्ज को रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया की चौकी प्रभारी को घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जंघई।** सरायमममरेज थानांतर्गत चौका मोड़ जंघई से विगत 18 अगस्त को विवाहित छात्रा को बोलेरो से ले जाकर गैंगरेप करने के दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने जेल भेज दिया है। सरायममरेज थाना क्षेत्र के एक गांव की मायके में रह रही विवाहित छात्रा गुरुवार को जंघई के एक कालेज में पढ़ने आ रही थी। पीड़िता का आरोप है कि रास्ते मे ही बोलेरो सवार दो युवक उसे ले जाकर नशीला पदार्थ सुंघाकर गैंगरेप किया। एक घंटे बाद उसे कालेज के पीछे उतार कर चले गए। घटना से डरी सहमी छात्रा मायके में उस दिन इसकी जानकारी किसी को न दे सकी। दूसरे दिन उसने अपने पति को मोबाइल से सूचित किया। पीड़ित पत्नी के साथ पति 19 अगस्त को जंघई पुलिस चौकी पर जाकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस द्वारा जांच करके कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़िता एवं उसके पति ने 22 अगस्त को पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखी। पीड़िता द्वारा सरायममरेज में मुकदमा पंजीकृत करवाया गया एवं सोमवार को मेडिकल जांच हेतु पुलिस ने छात्रा को प्रयागराज भेजा। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरायममरेज तरुणेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सरायममरेज थाना क्षेत्र के जंघई बाबा नगर निवासी राजू गुप्ता पुत्र स्व. केदारनाथ व भुलेंद्र गांव निवासी अतीक अहमद पुत्र जमील को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

# आशा कार्यकर्त्रियों ने मेजा एसडीएम को सौपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा से संबंधित आशा कार्यकर्त्रियों ने आशा राधा सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन कर उ०प्र० सरकार एवं केन्द्र सरकार के नाम उपजिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पाण्डेय को 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें सभी आशा कार्यकर्तियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाय एवं एक फिक्स मानदेय, सम्मान जनक मानदेय कम से कम 15000 किया जाय। सभी आशा कार्यकर्तियों व उनके परिवार का मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़कर 5 लाख तक का स्वास्थ्य, इलाज के लिये उनका गोल्डन कार्ड बनाया जाय।सभी आशाओं का पीएम एस बी वाई एवं पी एम जे जे वाई तथा अटल पेंशन योजना और योगी कामधेनु मानदेय योजना से जोड़कर, पेंशन का लाभ दिया जाय जिसकी समस्त किस्त सरकार द्वारा भुगतान किया जाय।आशा कार्यकर्तियों के बच्चों की निःशुल्क उच्च शिक्षा की व्यवस्था की जाय।आशा कार्यकर्तियों के परिवारों को एक आवास एवं एक शौचालय का लाभ दिया जाय। सभी आशाओं को सरकार द्वारा माह में मुफ्त राशन की व्यवस्था कराया जाय।आशा कार्यकर्तियों की बेटियों के शादी के लिये कम से कम 3 लाख रू० का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाय। सभी आशाओं को कार्य की गुणवत्ता बुद्धिहेतु एक एन्ड्राइड मोबाइल दिया जाय ।सभी आशाओं व संगिनी को फील्ड कार्य हेतु सी एच सी आने जाने हेतु चार्जिंग स्कूटी दी जाय और आशा कार्यकर्तियों की बीमारी या आकस्मिक मृत्यु पर उनके बच्चों या परिवार जनों को कम से कम 10 लाख रु० आर्थिक सहायता धनराशि दिया जाय। उक्त सभी मांगों को लेकर आशा कार्यकर्त्रियों ने तहसील मुख्यालय पहुंच कर उपजिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पाण्डेय को मांग पत्र सौंपकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार तक पहुंचाने की मांग की। एस डीएम ने आशा बहुओं की मांग को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।इस मौके पर प्रमुख रूप से सुनीता पाल,धर्मशीला, रंजनी पाल,रीता देवी निषाद, कंचन देवी, अनीता देवीं, रेखा देवी, माधुरी मिश्रा, लालती, मीना, शिव दुलारी, रंजना शुक्ला, उर्मिला, ममता मिश्रा, एकता सरोज, श्रेया पटेल और श्रेया भीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

# मेजा ऊर्जा निगम में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम ने मंगलवार को एस.आर.एन अस्पताल और एम.एल एन मेडिकल कॉलेज के सहयोग से 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया। शिविर का आयोजन आरोग्यम अस्पताल में किया गया। स्वयंसेवकों से 50 से अधिक रक्त इकाइयां एकत्र की गईं जिन्हें आपातकालीन उद्देश्य के लिए ब्लड बैंक में रखा गया। मुख्य अतिथि केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मेजा ऊर्जा निगम ने 'रक्तदान शिविर' का उद्घाटन किया और सभी रक्तदाताओं को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। पीयूष कुमार, महाप्रबंधक ओ एंड एम,प्रदीप कुमार साबत, महा प्रबंधक सी एंड एम, डॉ. भवनीश समन, सीएमओ आरोग्यम अस्पताल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी रक्तदान शिविर में उपस्थित रहे।






रक्तदान के दौरान उपस्थित कर्मचारी व अधिकारी तथा रक्त डोनेट करके कर्मचारी व उपस्थित डॉक्टर

# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

## भजन संध्या कार्यक्रम में लोगों का मन मोहा

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा भक्ति रस में सराबोर कर देने वाले भजन से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की सुंदर भजन पर पूरा वातावरण मंत्र मत हो गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में कुसुंगुर गांव में भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें वीरेंद्र उर्फ सूर्या व उनकी टीम द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भजन संध्या के प्रारंभ में मां दुर्गा, मां सरस्वती तथा भगवान श्री कृष्ण की तैलीय चित्र पर उपस्थित भक्तों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात कलाकार सूर्या ने माता रानी के भजन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलाकार सूर्या ने नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत प्रस्तुत किया जिस पर



कुसुंगुर गांव में भजन संध्या के दौरान आनंदित भजन प्रस्तुत करते कलाकार।

उपस्थित श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई तथा भगवान के जयकारे लगाए। तत्पश्चात कलाकार सिद्धार्थ सिंह एवं प्रभाकर मिश्र ने अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो तथा जिसके हृदय में राम नाम बंद है घड़ी उसे आनंद ही आनंद है आदि एक से बढ़कर एक भगवान श्री कृष्ण, भगवान श्री राम, हनुमान जी तथा देवी गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त सोहर गीत भी प्रस्तुत किया जिस पर लोगों ने जयकारा लगाते हुए जमकर तालियां बजाई। इस अवसर पर इंद्रमणि मिश्रा, अनिल मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, सुशील मिश्रा सहित भारी संख्या में लोगों ने भजन संध्या का आनंद लिया।

## न्यूज झरोखा

### जीवन में सफलता के लिए सच्चे मन से परिश्रम और लगन की जरूरत है : मनीष तिवारी



**करछना।** जीवन में सफलता के लिए कठिन परिश्रम और मन से सच्ची लगन बहुत जरूरी है।इसी के चलते मंजिल आसान हो जाती है। सभी बच्चों को चाहिए कि इससे सीख लेकर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़े और सच्चे मन से लगन के साथ पठन-पाठन कर सफलता अर्जित करें।जिससे समाज में विद्यालय और उनके माता-पिता का भी नाम रोशन हो। यह बातें रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज की प्रार्थना सभा स्थल पर विगत बोर्ड परीक्षा इंटर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा खुशबू पांडेय को उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कुछ बच्चे विशेष होते हैं जिनकी प्रतिभा से और लोगों को नसीहत लेने की जरूरत है। शिक्षकों ने भी विद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्रा खुशबू की प्रतिभा को सराहते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रवक्ता जितेंद्र कुमार,प्रदीप कुमार, एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी,मालती शर्मा,चंद्रशेखर सिंह, मोहम्मद परवेज सिद्दीकी,विजय सिंह सुरेश कुमार, विश्वेश ओझा,कमला शंकर त्रिपाठी,राजकुमार विश्वकर्मा, विमला देवी,अशोक सिंह समेत शिक्षक,कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

### जन कल्याण दुर्गा पूजा समिति की बैठक में नवरात्र की चर्चा



**जंघई।** सेमरी भोगीपुर गांव में पिछले पांच वर्षों से जन कल्याण दुर्गा पूजा समिति का भव्य पंडाल लगता है जिसमें पूरे नवरात्र पूजन, अर्चन, आरती, भजन, सत्संग एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है।इस वर्ष नवरात्र में और भी दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम करने हेतु समिति के सदस्यों द्वारा गांव के चौरा माता मंदिर पर बैठक किया गया। बैठक में तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें कई अहम मुद्दों पर निर्णय लिया गया कि इस वर्ष कार्यक्रम और भी बेहतर हो इसलिए इस दिशा में कार्य अभी से प्रारंभ कर दिया जाए।जन कल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित ब्राह्मण ने बताया कि सन 2017 में पहली बार भोगीपुर गांव के चौरा माता मंदिर पर माता जी की स्थापना हुई थी तबसे लेकर अब तक 5 वर्ष हुए जन कल्याण दुर्गा पूजा की विशेषता यह है कि प्रत्येक दिन शाम की आरती में क्षेत्र के सम्मानित लोगों को आरती में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है। जिसमें आए हुए अतिथियों को माता जी की चुनरी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। बैठक में अशोक तिवारी, प्रवीण तिवारी पूर्व कोषाध्यक्ष, प्रदीप तिवारी कार्याध्यक्ष, संजय तिवारी उपाध्यक्ष, विशाल तिवारी सुरक्षा प्रमुख, अभिषेक तिवारी, प्रज्वल तिवारी मीडिया प्रभारी, श्री नाथ शर्मा, तूफानी गुप्ता लीडर, प्रत्युष तिवारी, शिवम तिवारी, शुभम तिवारी सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# उचित दर विक्रेता के विरुद्ध जनता ने तहसील में दिया धरना

## अ.भा. प्रधान संगठन के नेताओं ने कार्ड धारकों और प्रधान अलहवा का दिया साथ, एसडीएम ने बीडीओ को जांच सौंपी,फिंगर लगवा कर खाद्यान्न न वितरण करने का मामला, ग्रामीणों का तहसील में आपूर्ति विभाग द्वारा किया गया बयान साक्ष्य

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** तहसील कोरांव में इन दिनों सार्वजनिक वितरण प्रणाली में हेरा फेरी की शिकायत आम हो गई है। ग्राम प्रधान अल्हवा ने कार्ड धारकों संग एसडीएम कार्यालय पर बैठे धरने पर। बोले आपूर्ति इंस्पेक्टर कोरांव और कोटेदार अल्हवा के विरुध कार्यवाही नहीं होती तो तो हम यहां से नहीं उठेगें। आरोप है की आपूर्ति विभाग के अफसर जितनी बार कोटेदार के विरुद्ध शिकायत होती है,उतनी बार सुविधा शुल्क ले कर बचाया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार कार्ड धारकों से मशीन पर फिंगर लगवा लिया और खाद्यान्न नहीं दिया। बोला की अभी गोदाम से खाद्यान्न नहीं उठाया। जबकि खाद्यान्न फिंगर लगने के बाद तुरंत मिलना चाहिए। उप जिलाधिकारी कोरांव योगेंद्र सिंह ने आपूर्ति इंस्पेक्टर कोरांव से बातचीत की।



धरने पर बैठे कोटेदार के खिलाफ कार्ड धारक



कार्ड धारकों से वार्ता कर कार्यवाही का आश्वासन देते एसडीएम कोरांव

और ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे को कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया और उचित दर विक्रेता के विरुद्ध खंड विकास अधिकारी कोराव को जांच सुपुर्द कर दी। और विधिक कार्यवाही का ग्रामीणों को आश्वाशन दिया। तब ग्रामीण आश्वस्त हुंए। धरना कार्यक्रम में हौंसला आफजाई करने हेतु अखिल भारतीय प्रधान संगठन तहसील कोरांव के अध्यक्ष रामांनुज यादव,प्रदेश के संगठन मंत्री दिलीप कुमार सोनी,अखिलेश सिंह ग्राम प्रधान सहित कई ग्रामों के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे तथा ग्राम सभा अल्हवा के नर नारी युवा मजदूर कार्ड धारक भरी संख्या में मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने प्रधान संगठन के नेताओं और ग्राम प्रधान अल्हवा एवं नागरिकों को तसल्ली दिया की जांच रिपोर्ट आने दीजिए दोषी कोटेदार मुझसे नहीं बच सकेगा और ग्राम प्रधानों के सम्मान का ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने आश्वस्त किया की यदि इस तरह की कोई शिकायत हो तो प्रधान सीधे फोन करें। किसी को गलत पाए जाने पर बक्से नही जायेंगे।

### करछना क्षेत्र के प्रा. स्कूल चोरों के टारगेट पर कई स्कूलों में दे चुके हैं अंजाम

**करछना।** क्षेत्र के कई स्कूलों में हुई चोरी की घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार रात हिंदूपुर कंपोजिट विद्यालय में बाउड्री लांघकर स्कूल में कूदे चोरों ने कीमती सामान पार कर दिए। सुबह स्कूल खुलने पर पहुंचे शिक्षकों ने ताला टूटा देखा तो भौच्चके रह गये। चोर अंदर रखे थाली,गिलास,सिलेंड्र,चूल्हे और कीमती भगोनो सहित कई अभिलेख भी चोर उठा ले गये।इसे लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्यकांत सिंह ने करछना थाने में चोरी की तहरीर दी है । उधर बीते दिनों अंतहिया प्राथमिक विद्यालय और रोकड़ी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चोरी की घटना के बावजूद तहरीर देने के बाद भी अभी तक पुलिस चोरों का पता नही लगा सकी।

# अमृत सरोवरों में 60 फीसदी भी नहीं हुआ काम





अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** आप को बताते चलें कि वर्षा जल संरक्षण व पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए शासन की ओर से वृहद स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर विकसित किए जा रहे हैं। अमृत सरोवर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए शासन की ओर से भारी भरकम बजट भी दिया गया है,लेकिन यहां अमृत सरोवर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते नजर आ रहे हैं। जसरा ब्लाक के महेरा ग्राम पंचायत के नागनपुर गांव के 5 बीघे में तालाब का सुंदरीकरण करा कर अमृत सरोवर बनाया जाए ऐसा आदेश शासन की तरफ से दिया गया,लेंकिन आज तक तालाब के किनारे जामें कुशा व कासा व कांटेदार पेड़ भी नहीं काटे गए ताल का पानी तालाब में भरकर सारा पैसा डकार लिए। यही हाल बेलामुण्डी का है, आधा काम भी नहीं हुआ और पानी से भर गया अमृत सरोवर तालाब के पक्के भीट भी नहीं बन सके छोटा चबूतरा बनाकर ही ध्वजारोहण कर दिया गया,अमृत सरोवर ऐसे है जहाँ केवल बोर्ड लगाकर ही औपचारिकताएं पूरी की गई है, सरोवर तक जाने के लिए पक्के रास्ते का भी निर्माण नहीं किया गया, जलभराव वा फिसलन भरे रास्ते से ही सरोवर तक जाने का कच्चा रास्ता है। ना तो सरोवर के भीठ पर चारों तरफ पौधे रोपे गए हैं, और ना ही कोई सीट बैठने के लिए रखी गई, नहीं सेल्फी प्वाइंट बना, ना तो सरोवर में उतारने के लिए रहे रैंप, सीढ़ी, न स्नान आदि के लिए कुछ नहीं बना । एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी का कहना है की काम अभी निमार्णाधीन है, अभी अंडर कंस्ट्रक्शन का काम हुआ है, और पक्का काम नहीं हुआ है वो भी होगा।

### मेड काटने से मना करने पर घर में घुस कर मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मेड काटने से मना करने पर विरोधी एक राय होकर घर में घुस कर मारे पीटे और गृहस्थी का सामान भी तोड दिए। भुक्तभोगी ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासी सलीम उद्दीन पुत्र इमाम उद्दीन का आरोप है कि उसके विपक्षी उसके खेत का मेड काट दिए मना करने पर घर में घुस कर उसे और परिजनों को मारे पीटे गृहस्थी का सामान तोड दिए। जान से मारने की धमकी दे कर भाग गए। सलीम उद्दीन ने मऊआइमा थाने में नजमा ,सुहेल उर्फ साहिल ,शोएब उर्फ राहिल ,इकरानाज ,सीमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### कृषि फार्म हाउस से मोटर चोरी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** राजकीय कृषि बीज भंडार संसाधन केन्द्र के कृषि फार्म हाउस में लगे ट्यवबेल की मोटर अज्ञात मोटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार संसाधन केन्द्र द्वारा लगभग चालिस बीघा में खेती की जाती है। बताया गया है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने ट्यवबेल की मोटर पांच एच पी पावर की चोर चोरी कर ले गए। फार्म अधीक्षक सुनील कुमार यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पंचायत भवन में आए दिन लटकता रहता है ताला !

अखंड भारत संदेश




**लालापुर।** विकासखंड जसरा के ग्राम पंचायत-बेलामुण्डी के पंचायत भवन अपनी मर्जी से खुलने एवं अपनी मर्जी से बंद होने से ग्रामीण परेशान है। सोमवार व मंगलवार को ग्राम पंचायत बेलामुण्डी का भवन बंद था। ग्रामीणों ने बताया कि या पंचायत भवन आए दिन इसी तरह बंद रहता है जिसके कारण छोटे छोटे कार्यों के लिए उन्हें भटकना पड़ता है। ग्रामीणों की किसी भी प्रकार की समस्या रहती है,तो वे दूसरे गांवों के जन सेवा केंद्र में जाते हैं। पंचायती राज व्यवस्था में जहां जिला पंचायत जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को नियमित शासकीय अवकाश को छोड़कर कार्यालय खोलने का प्रावधान है। मगर जसरा ब्लाक के बेलामुण्डी ग्राम पंचायत में जैसे कोई सचिव है ही नहीं क्योंकि सचिव अपनी मर्जी के अनुसार पंचायत भवन में पहुंचते हैं। लेकिन ग्राम पंचायत बेलामुण्डी के प्रधान व पंचायत सहायक ऑपरेटर, को ऐसा कोई डर नहीं है, कि हमारे पंचायत भवन में भी कोई अधिकारी या कर्मचारी आएगा कभी। पंचायत भवन में ताला लटकना आम बात है, प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवक मनरेगा सहित अनेकों कार्य नियमित रूप से संचालित होते हैं। ग्रामीणों की भी छोटी-छोटी अनेक प्रकार की समस्याएं होती हैं। जिस के निराकरण के लिए पंचायत को जिम्मेदारी दी गई है। इससे ग्रामीणों को छोटे-मोटे काम के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ता। यहाँ ग्रामीणों को सचिव के पास खुद ही जाना पड़ता है। इस संबंध में जसरा ब्लाक के एडीओ पंचायत श्याम लाल त्रिपाठी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि किन परिस्थितियों में ताला बंद था मैं इसकी नोटिस जारी करूंगा और जांच करवाऊंगा और दोषी पाए जाने पर उचित कार्यवाही भी करूंगा। उन्होंने नें पताया की अभी अभी नितेश कुमार की नियक्ति हुई है पंचायत सचिव के रूप में बेलामुण्डी ग्राम पंचायत में।

## खबर संक्षेप



### विकास की पत्नी ऋचा दुबे की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर, शर्तों का करना होगा पालन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर के थाना चौबेपुर में धोखाधड़ी के मामले में 2020 में दर्ज प्राथमिकी में विकास दुबे की पत्नी ऋचा दुबे की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने अग्रिम जमानत कुछ शर्तों के साथ मंजूर की है। कहा है कि याची जमानत के दौरान शर्तों का उल्लंघन नहीं करेगी। कोर्ट ने यह अग्रिम जमानत केस का ट्रायल पूरा होने तक के लिए दी है। यह आदेश जस्टिस सुरेश कुमार गुप्ता ने कानपुर पुलिस एनकाउंटर में मारे गए विकास दुबे की पत्नी ऋचा दुबे की अग्रिम जमानत अर्जी पर दिया है। ऋचा के खिलाफ कानपुर के चौबेपुर थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# डीएम ने म्योहाल क्रीड़ा संकुल का किया स्थलीय निरीक्षण

## म्योहाल क्रीड़ा संकुल के 50 वर्ष पूर्ण होने के स्वर्ण जयंती के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं/ सम्मान समारोह का किया जायेगा आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में अमिताभ बच्चन स्पोटर्स काम्पलेक्स में ऐतिहासिक म्योहाल क्रीड़ा संकुल के 50 वर्ष पूर्ण होने के स्वर्ण जयंती 2022 के अवसर पर अमिताभ बच्चन स्पोर्टस काम्पलेक्स में 01 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं/सम्मान समारोह के भव्य आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने आयोजन को सकुशल एवं भव्य ढंग से आयोजित कराये जाने हेतु विभिन्न अधिकारियों को उनको सौंपे गये दायित्वों को भली प्रकार से निर्वहन करते हुए आयोजन को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। बैठक में



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने स्पांसर शिप समिति, वित्तीय समिति, प्रचार-प्रचार समिति, साफ-सफाई समिति, मंच व्यवस्था एवं डेकोरेशन समिति, आवास व्यवस्था समिति, ट्रांसपोर्ट समिति, जल-पान एवं भोजन समिति, उद्घाटन एवं समापन समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, पुरस्कार निर्धारण एवं वितरण समिति, खेल मैदान रख-रखाव समिति, खेल किट वितरण समिति, प्रतियोगिता संचालन समिति, खेल-प्रतियोगिता तकनीकी समिति, चिकित्सा व्यवस्था समिति, सुरक्षा व्यवस्था समिति, प्रोटोकॉल समिति के अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करते हुए आयोजन को भव्य रूप से आयोजित कराये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाईयां सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है।

बैठक के बाद जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ अमिताभ बच्चन स्पोटर्स काम्पलेक्स म्योहाल पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है, जिसमें उद्यान अधिकारी को पेड़ों की कटिंग सुव्यस्थित ढंग से कराये जाने तथा नगर निगम को नियमित रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने, पीडब्लूडी को स्पोटर्स काम्पलेक्स के अंदर मरम्मतीकरण का कार्य ठीक ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, सिटी मजिस्टेट, पीडी ए0के0 मौर्या, अपर नगर आयुक्त अरविंद राय सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 65 न्यायिक अफसरों के स्थानांतरण, एडीजे-जूनियर और सीनियर डिवीजन के अधिकारी शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनात न्यायिक अफसरों के तबादले किए हैं। महानिबंधक आशीष गर्ग की ओर से जारी अधिसूचना में कुल 65 न्यायिक अफसरों का स्थानांतरण किया गया है। इसमें एडीजे, जूनियर डिवीजन एवं सीनियर डिवीजन मजिस्ट्रेट शामिल हैं।स्थानांतरित होने वालों में सीतापुर में तैनात एसीजेएम (जूनियर डिवीजन) नैंसी तिवारी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सीतापुर में तैनात न्यायिक मजिस्ट्रेट काव्या तिवारी श्रीवास्तव को लखनऊ, फैजाबाद में तैनात एडिशनल सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रशांत कुमार सिंह को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, फैजाबाद में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुमन सोलंकी को सिविल जज (जूनियर डिवीजन), फैजाबाद में सिविज जज (जूनियर डिवीजन) प्रज्ञा सिंह को इसी पद पर बागपत में तैनात किया गया है। जबकि बागपत में तैनात सिविल जज जूनियर डिवीजन सुमन को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के पद पर, बागपत में तैनात सिविल जज जूनियर डिवीजन पूजा सुहाग को न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर, बागपत में तैनात सिविल जज जूनियर डिवीजन राजन राठी को अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन का प्रभार सौंपा गया है।झांसी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के पद पर तैनात शीतल प्रियदर्शी को एसीजेएम लखनऊ, महराजगंज के एसीजेएम सीनियर डिवीजन असगर अली को वहीं पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव, महराजगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव का काम देख रहीं आस्था श्रीवास्तव को सिविल जज सीनियर डिवीजन, महराजगंज के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार को अमरोहा का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है। अमरोहा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पद पर तैनात अरविंद वर्मा को सिविल जज सीनियर डिवीजन बनाया गया है।औरैया में सिविल जज सीनियर डिवीजन (एफटीसी) स्वाति चंद्रा को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव, औरैया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव का काम देख रहे शहनाज अंसारी को कैराना अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बहराइच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कृष्ण कुमार सप्तम को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा चौधरी को बहराइच में सिविल जज सीनियर डिवीजन, बहराइच में ही तैनात सिविल जज सीनियर डिवीजन शिवेंद्र कुमार मिश्रा को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। जबकि, बहराच के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सर्वोत्तम नागेश शर्मा को गौतमबुद्ध नगर का अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। यहीं पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट केपद पर तैनात जयहिंद कुमार सिंह को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव, शिवानी त्यागी को अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट गौतमबुद्ध नगर बनाया गया है। अंबेडकरनगर में तैनात अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमुद उपाध्याय को वहीं पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव, हाथरस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपेक्षा सिंह को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना सिंह को अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन का भी दायित्व सौंपा गया है। आजमगढ़ में तैनात देवेंद्र प्रताप सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजन को वहीं पर विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है। जबकि, अभी तक सचिव का काम देख रहीं अनीता को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का दायित्व सौंपा गया है। वहीं पर तैनात अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सिंह नवम को सिविल जज सीनियर डिवीजन, सिविल जज सीनियर डिवीजन यशवंत कुमार सरोज को आजमगढ़ का मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। जबकि, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का काम देख रहे अतुल चौधरी को फिरोजाबाद का अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। यहां पर तैनात अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी सिन्हा को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि सचिव का काम देख रहे प्रेम बहादुर सिंह को अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन बनाया गया है।

# ढाई लाख के इनामी उमर ने भी किया सरेंडर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बाहुबली नेता पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे मोहम्मद उमर ने लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सीबीआई ने उसके ऊप ढाई लाख का ईनाम घोषित किया था। प्रॉपर्टी डीलर मोहित जयसवाल को अगवा कर देवरिया जेल में ले जाने और पिटाई करने के मामले में वांछित चल रहा था। 2018 से ही पुलिस इसकी खोजबीन में लगी थी और यह हर बार पुलिस को चकमा देकर भाग जाता था। इस बार भी पुलिस को भनक नहीं लगी और इसने चुपके से कोर्ट में जाकर सरेंडर कर दिया। बताया जाता है कि यह वकील के भेष में अदालत में पहुंचा था, ताकि कोई पहचान न सके। कोर्ट रूम में पहुंचने के बाद अपने ड्रेस में आ गया।अतीक अहमद के छोटे बेटे और 50 हजार के ईनामी अली अहमद ने कुछ दिन पहले प्रयागराज में सरेंडर कर दिया था। माफिया अतीक अहमद इस समय गुजरात की अहमदाबाद जेल में बंद है।अतीक अहमद के जेल जाने के बाद मोहम्मद उमर ही पिता के गैंग का संचालन शुरू कर दिया था। पुलिस इसको काफी समय से खोज रही थी। इसकी धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की गई थीं। बिहार, दिल्ली, राजस्थान से लेकर कोलकाता और नेपाल तक इसको पुलिस ने



खोजा था लेकिन इसका कुछ पता नहीं चला था। करीब एक महीने पहले मखुबिर की सूचना पर पुलिस इसे पकड़ने कोलकाता के मिदनापुर गई थी। सूचना लीक हो जाने के कारण यह पुलिस के पहुंचने से कुछ देर पहले ही वहां से निकल गया था, जिससे पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा था।



### अवैध प्लाटिंग पर चला पीडीए का बुलडोजर

**झूंसी।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को झूंसी में आठ बिधे अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की जेसीबी से अस्थाई व स्थाई बाउंड्री, पिलर को तोड़ा गया। घण्टो चली कार्यवाही के दौरान प्रॉपर्टी डीलरों व प्लाट खरीदारों में हड़कमप मचा रहा। पीडीए के जोनल अजय कुमार के नेतृत्व में पीडीए का दस्ता जेसीबी के साथ झूंसी पंहुचा जब भूमाफियाओं व अवैध प्लाटरो के साथ भवन निर्माण करा रहे लोगो में खलबली मच गई। पीडीए ने बऊ यादव व अन्य द्वारा नैका, देवनगर, उस्तापुर, महमूदाबाद में आठ बिधे में की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की कार्यवाही के दौरान कई लोग अपना पेपर लेकर पहुचे थे पर पीडीए के अधिकारी ने किसी की एक नही सुनी। इस दौरान अवर अभियंता राजेश कुमार श्रीवास्तव, थाने की पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन सचल दस्ता के साथ पीडीए प्रवर्तन टीम मौजूद रही।

# हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं की हड़ताल, मुकदमों के दाखिले में देरी सहित विभिन्न समस्याओं से बार एसोसिएशन में नाराजगी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुकदमों के दाखिले के बाद कोर्ट में पेश करने में अनावश्यक देरी, नए मुकदमों, सप्लीमेंट्री और अनलिस्टेड मुकदमों के सूचीबद्ध नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने कड़ा विरोध जताया है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की बुधवार को बैठक में बुधवार 24 अगस्त को न्यायिक कार्य बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। बार एसो. के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में अधिवक्ताओं से जुड़ी समस्याओं पर विचार मंथन किया गया। कहा गया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं पर छह माह में कई बार मुख्य न्यायमूर्ति व अन्य न्यायमूर्तियों के साथ वार्ता की गई लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि मुकदमों के दाखिले में अनावश्यक रूप से 10 से 15 दिनों का समय लग रहा है। एनआईसी द्वारा संचालित लिस्टिंग की सभी प्रक्रियाएं बुरी तरह से ध्वस्त हैं। वकालतनामा, जवाबी हलफनामा भी तत्काल रिकॉर्ड पर नहीं आ पा रहा है। मुकदमों के मैसेज समय पर न आने की समस्या बनी हुई है। मुकदमे अदम पैरवी में खारिज हो रहे हैं। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने न्यायमूर्तियों की घटती संख्या व खाली पदों को भरने में अनावश्यक देरी पर भी एतराज जताया। कहा कि इस समय 160 के मुकाबले 100 न्यायमूर्ति ही कार्य कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि खाली पदों पर तत्काल नियुक्ति की जाए। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो प्रदेश व्यापी विरोध किया जाएगा। महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन ने कहा कि समस्याओं का निदान अगर नहीं होता तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष नीरज कुमार त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह यादव, सत्यम पांडेय, श्यामा चरण त्रिपाठी, यादवेश यादव, आशुतोष त्रिपाठी, उष्मा मिश्रा आदि मौजूद रहे।




# अल्पसंख्यक कांग्रेस ने शुरू किया हस्ताक्षर अभीयान

**प्रयागराज।** बिलकिस बानो के दोषियों के रिहाई को निरस्त की मांग को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव श्रीमति प्रियंका गांधी जी एंव अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शाहनवाज आलम साहब के निर्देश पर न्याय अभियान के तहत मंगलवार को दूसरे दिन प्रयागराज के मोहल्ला मुट्ठीगंज हटिया चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया ,कार्यक्रम का आयोजन अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर उपाध्यक्ष हाजी आफताब कुरैशी और शहर सचिव अरमान कुरैशी ने किया, शहर अध्यक्ष अरशद अली नेतृत्व में किया गया, हस्ताक्षर अभियान के दौरान आम जनता ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया और स्थानीय लोगों ने बिल्किस बानो की न्याय की लडाई में अपना योगदान देने की बात कही।कार्यक्रम मे अल्पसंख्यक कांग्रेस के उपाध्यक्ष हाजी आफताब कुरैशी, मुस्तकीन कुरैशी, तालिब अहमद, अरमान कुरैशी, नूरुल कुरैशी, जाहिद नेता, नौशाद कुरैशी, दिलरुबा हुसैन, मो अनवार, शेर अली,अरशद अली आदि लोग उपस्थित रहे।

### दधिकांदो के लिए बिजली विभाग ने कसी कमर

**प्रयागराज।** चांदपुर सलोरी और तेलियरगंज में 27 अगस्त को होने वाले दधिकांदो मेला को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने मातहतों के साथ बैठक की। बैठक में मेले के दिन 24 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम लागू करने के निर्देश दिए गए।शहरी सर्किल एक कार्यालय में हुई बैठक में अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार और मुकेश बाबू अधिशासी अभियंता के अलावा एसडीओ और अवर अभियंताओं को निर्देश दिया कि मेला से पूर्व बिजली लाइन की मरम्मत पूरा किया जाय। सुरक्षा के लिए ट्रांसफार्मरों का चारों तरफ बांस, तार से बैरीकेडिंग की जाए। अधिकारियों ने मेला के दौरान दुकानें लगाने वालों को अस्थाई कनेक्शन देने का निर्देश दिया। इसी क्रम में 28 अगस्त को सुलेमसराय में होने वाले दधिकांदो मेले के लिए विभाग ने बिजली लाइन का मरम्मत कामशुरू किया है। बमरौली डिवीजन के अधिशासी अभियंता ने बताया कि मरम्मत के लिए 24 से 26 अगस्त तक प्रतिदिन चार घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बंद की जाएगी।

# बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान में दो दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**प्रयागराज।** बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान में अलग-अलग इलाकों में करीब दो दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। इसमें पहला मामला करेली उपकेंद्र के गौस नगर से संबंधित है। यहां एक निजी इंटर कॉलेज से सटे तीन मंजिला भवन में 11 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। विभाग ने भवन में कटियामारी के सहारे छह किराएदारों को एसी चलाते पकड़ा। इसके अलावा दूसरे पांच किराएदार चोरी की बिजली से घर में पंखा और बल्ब जला रहे थे। विभाग ने यहां करीब 40 केवी बिजली चोरी का मामला पकड़ा। सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इसी क्रम में नैनी में पन्ना का पुरा गांव में एक दर्जन से अधिक लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। बिजली कर्मचारियों ने मौके पर पाया कि कुछ लोग बिना कनेक्शन ट्रांसफार्मर से कटिया लगाकर भैंस और दूसरे मवेशियों की धुलाई कर रहे थे। एक परिवार एक ही कनेक्शन पर तीन-तीन घरों में बिजली का इस्तेमाल कर रहा था। घर में बिजली मीटर लंबे समय से खराब था। इसकी वजह से हर महीने का निर्धारित औसतन बिल 350 रुपये आ रहा था। दो उपभोक्ता मीटर बाइपास कर बिजली चोरी कर रहे थे। गांव में आधे दर्जन से अधिक लोग बिना कनेक्शन के ही कटिया लगाकर बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे।

### पंजीकृत श्रमिकों के बन रहे गोल्डन कार्ड

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत सात लाख पंजीकृत श्रमिकों में तीन लाख तेईस हजार श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्रयागराज मंडल के उपश्रमायुक्त राजेश मिश्रा ने बताया कि इसके लिए श्रमिक बोर्ड में पंजीकृत जन सेवा केन्द्र व सामुदायिक सेवा केन्द्र में जाकर श्रमिक अपना गोल्डन कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्ड बन जाने पर सभी परिवारों को पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज किसी भी अस्पताल में कराया जा सकेगा।

# प्रयागराज के गांव होंगे हाईटेक

## लगेंगे सीसीटीवी कैमरा, घटनाओं पर लगेगा लगाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या काफी अधिक है। प्रत्येक रोड चौराहे व अधिकांश प्रतिष्ठानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की मदद से आपराधिक घटनाओं को ट्रेस करने में पुलिस को भी मदद मिलती है। हालांकि गांव अभी पूरी तरह से इस सुविधा से अछूते हैं। अब गांवों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है। जल्दी से अमलीजामा पहनाया जाएगा। गांव में भी सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ा काम हो सकेगा।

**ग्राम पंचायत को जिम्मेदारी**

प्रयागराज जिले में 23 खंड विकास क्षेत्र है। 1540 ग्राम पंचायतें हैं। इन सभी में ब्लॉक मुख्यालय समेत सभी ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों की शुरूआत मुख्यालय से होगी यानी पहले ब्लाक मुख्यालय पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे इसके बाद पंचायत भवन पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। बाद में ग्राम पंचायत निधि के माध्यम से ही गांव के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल किया जाएगा।

### पुलिस के लिए मददगार साबित होंगे कैमरे

गांव में अभी सीसीटीवी कैमरे जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में आपराधिक घटनाओं के होने के बाद पुलिस के हाथ अपराधियों की पहचान के लिए कोई क्लू फुटेज आज की स्थिति में देखने को नहीं मिलता है। गांव में सीसीटीवी फुटेज मिल सके, इसके लिए अब सीसीटीवी कैमरे जगह-जगह लगाए जाएंगे। इससे पुलिस को बहुत मदद मिलेगी। गांव में अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने में यह पहल काफी कारगर साबित होगी।जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा ने बताया की सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए एक रणनीति तैयार की जा रही है। हमारी ग्राम पंचायतें अब हाईटेक हो रही है। पंचायत भवन इंटरनेट और कंप्यूटर से लैस हो रहे हैं। ऐसे में सीसीटीवी कैमरे लगाकर सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। इसके लिए ग्राम प्रधानों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वह पहल करें और गांवों में सीसीटीवी कैमरे जैसी सुविधा को लगाने के लिए आगे आए। कुछ स्थानों पर आपरेशन त्रिनेत्र के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की पहल हो रही है।

# एडीजी जोन के आदेश की मातहत कर रहे हैं अवहेलना

## आदेश के वावजूद नही दर्ज हुई एफआईआर, पीड़ित परेशान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एक ओर जहां एडीजी जोन प्रयागराज सरकार की कार्ययोजना जिसमे सबका साथ सबका विश्वास सबको न्याय दिलाने के उद्देश्य से लोगो की समस्याओं के समाधान के लिए अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर पीड़ित व परेशान लोगो के अंदर न्याय का भरोसा दिला रहे है और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पीड़ित व परेशान लोगो की सहायता कर रहे। जनसुनवाई से लोग लाभान्वित भी हो रहे है किंतु जनपद में कुछ ऐसे मातहत है जो जनसुनवाई में एडीजी द्वारा दिये गए आदेश का क्रियान्वयन नही कर रहे है जिससे न केवल पुलिस विभाग की क्षवि धूमिल हो रही है अपितु एडीजी द्वारा लोकप्रिय जनसुनवाई कार्यक्रम के विश्वास को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

पदम के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने एडीजी जोन प्रयागराज के आदेश के बावजूद कार्यवाही न होने पर चिंता व्यक्त करते हुए आदेश के अनुपालन का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर अपर पुलिस महानिदेशक के कार्यालय पर सोमवार से शुक्रवार तक सैकड़ों फरियादी अपनी फरियाद लेकर आते हैं निश्चित ही अपर पुलिस महानिदेशक के यहां हो रही जन सुनवाई में फरियादी संतुष्ट होकर जाता है तो वहीं दूसरी ओर फरियादी के प्रार्थना पत्र की जांच थाने स्तर पर प्रभारी निरीक्षक या चौकी पर प्रभारी उप निरीक्षकों द्वारा की जाती है। देखने को यही मिल रहा है कि जो पीड़ित फरियादी अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज के यहां उम्मीद लगा कर आता है उसकी उम्मीदों पर पानी फिर जाता है तब जब पुलिस स्टेशनो पर सुनवाई गरीब पीड़ित फरियादी के स्थान पर पीड़ा देने वालो की होती है क्योंकि इस प्रकार के मामले प्रकाश में आ रहे है। उन्होंने पीड़ित पक्ष की ओर से बताया कि थाना करछना के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा खाई के निवासी जीवन लाल पुत्र कुंवारे जिन्हें लेकर उसी गांव के अन्य सात लोगों को एक एक बीघा आराजी नंबर 1226 पर पट्टा किया गया। पट्टे वाली जमीन को गांव के ही शोरेपुस्त भूमाफिया, जमीदार फर्जी ढंग से आराजी नंबर 1226 पर कोर्ट द्वारा स्थगन आदेश पारित करा लेता है जिसको लेकर जब जीवन लाल एडीजी के यहां प्रार्थना पत्र देते हैं तो पता चलता है कि आराजी नम्बर 1226 का सिविल न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित किया गया है। इसी बीच जीवनलाल और गजाधर के विवादित भूमि आराजी नम्बर 1226 पर गांव का तीसरा पक्ष अमन और मुकेश 07 जुलाई को आराजी नंबर 1226 पर ट्रैक्टर द्वारा जुताई करके ट्यूबवेल द्वारा पानी लगाकर जब धान की रोपाई करने लगते हैं तो जीवन लाल मौके पर जाकर इसका विरोध करते हैं। विपक्षीगण अमन और मुकेश जीवनलाल की बात नहीं सुनते हैं जिसपर जीवनलाल 112 नंबर डायल कर पूरी सूचना देते हैं। सूचना पर 112 नम्बर की पुलिस आते देखकर अमन और मुकेश मजदूरों सहित खेत से भाग जाते हैं। पुलिस के वापस जाने पर अमन और मुकेश क्षेत्र के कुछ गुंडों को साथ लेकर शाम को जीवन लाल के दरवाजे पर आते हैं तमंचा लहराते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गांव से भागने की धमकी दी जाती है। पीड़ित जीवनलाल इसकी शिकायत अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज के यहां 12 जुलाई को प्रार्थना पत्र देकर किया। आज एक महीना 12 दिन होने के बाद भी थानाअध्यक्ष करछना विपक्षीगण के विरुद्ध अभी तक प्रथम सूचना रिपोर्ट नहीं दर्ज किए। इसी प्रकार थाना नैनी के अंतर्गत पति-पत्नी के आपसी विवाद में एक प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना नैनी में 323, 506, 406, 354 ख और 498 अ आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज होता है जिसकी विवेचना एसएसआई सुरेंद्र सिंह को सौंपा जाता है। एसआई सुरेंद्र सिंह के पास लगभग 50 मुकदमे विवेचना के लिए होंगे लेकिन 50 मुकदमों में तत्परता न दिखाते हुए मुकदमा नंबर 346/ 2022 में मिलीभगत से एक महीना 15 दिन के अंदर चार्जसीट कोर्ट को भेज देते हैं। पुलिस प्रशासन से केवल इतना सा सवाल है कि मुकदमा नंबर 346/ 2022 में विपक्षीगण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज और अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज को अपना नाम हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र के साथ हलफनामा देते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज की बातों का या फरियादी की कार्यवाही हेतु भेजे गए प्रार्थना पत्रों को चौकी प्रभारी/ विवेचना अधिकारी सुरेंद्र सिंह ताक पर रखकर विवेचना संबंधित कोर्ट को भेज देते हैं। जो फरियादी मुकदमे में फर्जी फंसाये गए हैं या फर्जी फसा दिए जाते हैं उन्हें बेवजह ऐसे विवेचना अधिकारियों की वजह से कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

# शांति भंग के अंदेशा में तीन अभियुक्त का चालान

**हंडिया।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने एवम अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गंगापार अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी हंडिया डॉक्टर भीम कुमार गौतम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हंडिया धर्मेन्द्र कुमार दुबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश दुबे व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में तीन युवक संजीत कांत बिंद पुत्र सुरेश चंद्र , राजकुमार चौरसिया पुत्र स्व रामबाबू चौरसिया , सूर्यबली चौरसिया पुत्र रामचरन चौरसिया को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चालान ।

# आपराधिक मामले लंबित रहने से सरकारी कर्मचारी का नहीं रोक सकते प्रमोशन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि आपराधिक केस लंबित होने के आधार पर सरकारी सेवक के प्रमोशन को रोका नहीं जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्र ने पुलिस कांस्टेबल नीरज कुमार पांडेय की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। कोर्ट ने प्रतिवादी सक्षम पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह दो माह के अंदर सील कवर खोलने की प्रक्रिया को लेकर आदेश पारित करें।याचिका में डीआईजी/एसपी स्थापना, डीजीपी मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से एक जनवरी 2021 को जारी हेड कांस्टेबल प्रमोशन लिस्ट में याची के प्रमोशन को सील कवर में रखने को चुनौती देते हुए उसे खोलने की मांग की गई थी।याची के हेड कांस्टेबल पद पर प्रमोशन को उसके विरुद्ध आपराधिक केस लंबित होने के चलते सील कवर में रखा गया था। याची की ओर से बहस कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का तर्क था कि याची पर आपराधिक केस की वजह से उसे यूपी पुलिस ऑफिसर ऑफ सबार्डिनेट रैंक (पनिशमेंट एंड अपील रूल्स) 1991 के नियम 8(2) (बी) के अंतर्गत बर्खास्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट के आदेश से उसे सेवा में बहाल कर लिया गया और वह पुलिस विभाग में निरंतर कार्यरत रहा है। बहस की गई कि क्रिमिनल केस लंबित रहने के बावजूद याची को नौकरी में बनाए रखा गया है तो ऐसे में क्रिमिनल केस के आधार पर प्रमोशन से वंचित रखना गलत है। कहा गया था कि जब आपराधिक केस के आधार पर की गई बर्खास्तगी को हाईकोर्ट ने रद्द कर बहाली का आदेश दिया तो पुनः उसी आधार पर प्रमोशन देने से इन्कार करना अवैधानिक है।

# जमीनी विवाद में वृद्ध की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

## पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश के कारण एक वृद्ध को आरोपियों ने लाठी-डंडे से पीटकर मार डाला। मृतक की बेटे की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों पर हत्या करने का मामला दर्ज करके खोजबीन शुरू कर दिया है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बनपुरवा गांव का रहने वाला सीताराम सरोज (60) की पहली पत्नी की मौत काफी दिन पहले हो चुकी थी। पहली पत्नी के तीन बेटे संतोष विकास और अनिल तथा एक बेटी गीता है। बाद में सीताराम ने दूसरी शादी राजकुमारी से किया, जिसकी एक बेटी रेखा है। पहली पत्नी की बेटी गीता की शादी हो चुकी है। वह अपने ससुराल रहती है। रेखा घर पर ही रहती है। बड़ा बेटा संतोष घरवालों से अलग 50 मीटर दूर अलग घर बना कर रहता है। विकास रायबरेली में रहता है तो अनिल बिहार में रहता है। सीताराम ने कुछ दिन पहले अपने घर से कुछ दूर स्थित 6 बिस्वा जमीन बाबूलाल सरोज तथा उनके एक रिश्तेदार अशोक कुमार के नाम बैनामा कर दिया था। बैनामा होने के बाद ही सीताराम का उस जमीन के क्रेता बाबूलाल से विवाद चल रहा था। घटना सोमवार की देर शाम की है विकास का आरोप है कि इसी झगड़े के कारण उसके पिता सीताराम खेत के पास पहुंचे तो आरोपी शैलेंद्र और डब्ल्यू पुत्र बाबूलाल तथा बाबूलाल पुत्र राम आसरे ने उसे लाठी-डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। सीताराम लड़खड़ा कर किसी तरह घर पहुंचा और उसके बाद परिजन उसे गंभीर दशा में निजी अस्पताल ले गए, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के समय रेखा घर पर ही थी सुबह मृतक के बेटे विकास ने 3 लोगों के विरुद्ध हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस मौके पर पहुंची और उसने दी गई तहरीर के अनुसार 3 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। इस संबंध में पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि हत्या की तहरीर मिली है जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा की मौत कैसे हुई है। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं नजर आ रहा है।


वृद्ध की मौत के बाद जुटी भीड़।

# दस दिन बाद भी हत्या के प्रयास के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

## मुख्यमंत्री से घायल महिला ने लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में दर्ज रिपोर्ट को वापस न लेने को लेकर हमलावरों ने महिला को बुरी तरह मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। इसकी भी रिपोर्ट कोतवाली सदर में दर्ज है लेकिन पुलिस हमलावरों पर मेहरबान है और धारा-308 में भी दस दिन बीत जाने पर गिरफ्तारी नहीं की। घायल महिला को जिला अस्पताल भेजने में मदद करने वालों को भी हमलावर धमकी दे रहे हैं कि उनको भी फर्जी मुकदमे में फंसा दिया जायेगा। घटना के बारे में बताया जाता है कि 10 दिन पहले घर में काम कर रही सीमा देवी त्रिपाठी पत्नी कमलेष त्रिपाठी निवासी खजुरनी (संडारी) पर गांव के ही हमलावरों ने पहले हुई मारपीट के मामले को वापस लेने का दबाव बनाया और न मानने पर 13 अगस्त को साढे. ग्यारह बजे हमलावरों ने लाठी डण्डा, कुल्हाड़ी लेकर महिला पर हमलावर हो गई। सीमा देवी को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इस सम्बन्ध में कोतवाली में हत्या के प्रयास सम्बन्धी नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है लेकिन पुलिस आज तक इस गांव में जांच करने तक नहीं गई। इससे हमलावरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। अब वह महिला की मदद करने वालों को भी धमकी दे रहे हैं कि उन्हें भी फर्जी मुकदमे में फंसा दिया जायेगा।


घायल महिला सीमा देवी त्रिपाठी।

## उधार पैसा मांगने पर लोहे के रॉड से हमला

**परियावां।** नवाबगंज थाना के लवाना चैकी के निकट ड्राइबर से उधार पैसा मांगने पर लोहे के रॉड से जान लेवा हमला कर दिया। घटना थाना क्षेत्र के लवाना चैकी की मंगलवार की है लवाना निवासी भोलानाथ केसरवानी कुछ पैसा उधार ड्राइबर उमेश यादव कोटरा बहादुर गंज थाना ऊँचाहार निवासी को दिया था जिसे भोलानाथ मांगने लगा जिस पर ड्राइवर उमेश ने गाड़ी के अंदर रखा लोहे के रॉड से हमला कर दिया। जब तक लोग दौड़ते, मारपीट कर फरार हो गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है।

# पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

## पत्नी की शिकायत पर चार के खिलाफ हत्या का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश के चलते पिटाई से घायल युवक की प्रयागराज में उपचार के दौरान मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ने गांव के चार आरोपियो पर हत्या का मुकदमा लीलापुर थाने मे दर्ज कराया है। सूचना पर पुलिस ने युवक की मौत को लेकर गांव पहुंचकर छानबीन की। लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे गिरधरसहाय तिना निवासी सालिकराम वर्मा 38 पुत्र माताफेर की रंजिश के चलते चैदह अगस्त की रात लाठी डंडो से जमकर पिटाई कर दी।

मारपीट मे घायल युवक को परिजन जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन घायल युवक का प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल मे ले जाकर उपचार के लिए भर्ती करा दिया गया। घायल युवक की अस्पताल मे इलाज के दौरान तबीयत बिगड़ती गयी और सोमवार की रात उसकी सांसे थम गयी। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया।

मृतक के बेटी आसमां 18 व बेटा हंसराज को रो रो कर बुरा हाल था। मामले मे मृतक की पत्नी कोमला देवी ने गांव के अमृतलाल, राजाराम पुत्रगण रामदीन व पवन पुत्र राकेश तथा बल्लू पुत्र हरिसरन सरोज के खिलाफ नामजद तहरीर दी। शिकायत पर लीलापुर थाने मे चारो आरोपियो के खिलाफ हत्या व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज हो गया है। लीलापुर पुलिस जांच के लिए गांव पहुंची और परिजनों व ग्रामीणों से घटना के बाबत पूछताछ कर लौट गयी। उधर मृतक के शव का प्रयागराज अस्पताल मे पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। देर रात तक मृतक का शव घर पहुंचने की संभावना है। इस बारे मे लीलापुर एसओ विनीत उपाध्याय ने बताया कि शिकायत पर आरोपियो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर शीघ्र ही जेल भेजा जाएगा।

# लाइसेंसी बंदूक समेत उठा ले गए लाखो की नगदी व जेवरात

## लालगंज के चकौड़िया गॉव की घटना, जाँच मे जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ।** सोमवार की रात चोरो ने चकौडिया गॉंव मे दो घरो को निशाना बनाते हुए लाइसेंसी बंदूक समेत लाखो के जेवरात व नगदी उठा ले गए। घटना की जानकारी परिजनो को सुबह हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस जाँच में जुट गई।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के चकौडिया निवासी विनोद कुमार पाण्डेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की रात परिवार के सभी लोग खा-पीकर सो गए। सुबह जब उठे तो सामान विखरा देख कर सन्न रह गए। चोरों ने छत के सहारे घर में दाखिल होकर कमरे में रखी बंदूक, लाखों के जेवरात, 18 हजार की नगदी समेत महत्वपूर्ण कागजात पीछे का तरवाजा तोड़कर उठा ले गए। वही गॉव के ही गंगा प्रसाद पाण्डेय परिवार के साथ बाहर रहते है। घर में ताला बंद रहता है उनके भी घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। गांव मे एक ही रात हुई दो घरो मे चोरियों को लेकर हड़कंप मच गया। वही सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ फोरेसिक टीम पहुँच कर घटना की जाँच में जुट गई। बता दें कि स्थानीय क्षेत्र में लूट व चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। अभी 31 जुलाई को बेलहा व रामपुर समेत कई जगह हुई चोरी का खुलासा नही हो सका कि 20 अगस्त को अगई अमर ऑटो सेल्स पर लूट की घटना को बदमाशो ने अंजाम देकर पुलिस की नींद हराम कर दी। इन घटनाओ से पुलिस परेशान ही थी कि चकौडिया मे बंदूक समेत दो घरो में लाखो की चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती ही दे डाली। क्षेत्र में बढ रहे अपराध से आम लोगो में दहशत का माहौल छाया हुआ है।


घर में हुई चोरी की जांच-पड़ताल करती पुलिस।

# महंगाई से आम आदमी का जीना हुआ दुष्वारः मुकुंद तिवारी

## कांग्रेसियों ने लगाई महंगाई चौपाल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंहगाई व बेरोजगारी के विरुद्ध सदर विधान सभा क्षेत्र में पूर्व प्रत्याशी डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में मंहगाई चैपाल का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष डा. वी. के. सिंह ने की तथा संचालन सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी ने किया।

चैपाल को संबोधित करते हुए उ. प्र. कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकुंद तिवारी ने कहा कि मंहगाई की वजह से आम आदमी का जीना दुश्वार हो गया है। मंहगाई का आलम यह है कि बच्चों के दूध भी मंहगे हो गये, सरकार ने दुधमुहे बच्चों को भी नहीं बख्शा। सदर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी व उ. प्र. युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मंहगाई इस कदर हो गयी है कि दैनिक उपयोग की चीजों पर जीएसटी लगाकर चीजों को मंहगा कर दिया गया है। दाल, शब्जी, आटा, चावल सबकुछ मंहगा हो गया। यहाँ तक कि बच्चों की कापी, किताब, पेंसिल, रबर, कटर भी मंहगा कर दिया। डा. वी. के. सिंह ने कहा कि मंहगाई व बेरोजगारी के विरूद्ध कांग्रेस आज सड़कों पर है, मंहगाई को लेकर सिर्फ कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो इन मुद्दों को लेकर सदन से सड़क तक जनता की आवाज बुलंद कर रही है।

नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने इस देश को अपने खून पसीने से सींचकर बनाया है, कुछ फिरकापरस्त ताकतें देश के भाईचारे को तोड़ने की साजिश कर रही हैं, इनके इरादों को कामयाब नहीं होने देना है। इस अवसर पर वेदांत तिवारी, महेंद्र शुक्ल, सरोज कश्यप, आशुतोष तिवारी, राम रतन तिवारी, सोनी तिवारी, मो. इश्तियाक, अभय, शिवम, विकास, दीपक, सूर्य प्रकाश, बेलाल, सलमान खान, आशा देवी, गुरिया, मो. शकील, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।



महंगाई चैपाल में बोलते डा0 नीरज त्रिपाठी।

# किशोरी से दुष्कर्म का बनाया वीडिया

## वॉयरल करने की धमकी देकर जेवर व नकदी भी हड़पे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ हत्यारोपी युवक ने झांसा देकर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की वारदात का आरोपी ने अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में अपनी बहन व परिजनों के साथ मिलकर अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देकर नकदी व जेवरात भी ले लिया। पीड़िता की पिता की शिकायत पर दुष्कर्म के आरोपी समेत चार के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी बारह वर्षीया पुत्री का बगल के गांव के अरविंद मिश्रा की पुत्री सेफाली से दोस्ती है। आरोप है कि बीते वर्ष चार नवंबर को सेफाली ने उसकी पुत्री को एक स्कूल के समीप फोन कर मिलने के लिए बुलाया। लेकिन वहां सेफाली का भाई शिवांशु मिश्र मिला और झांसा देकर स्कूल के अंदर ले गया। शिवांशु एक हत्या के मामले मे जेल भी जा चुका है। आरोप है कि शिवांशु ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना लिया। बाद में अपनी बहन सेफाली की मदद से आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पचास की नकदी व जेवरात भी ले लिया। पीडिता का पिता अपनी पत्नी को उपचार के लिए बीती तेरह अप्रैल को प्रयागराज ले गया था। आरोप है कि मौका पाकर शिवांशु जबरन उसके घर मे दाखिल हो गया और किशोरी के साथ फिर से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किशोरी को डरा धमकाकर आरोपी सूटकेस मे रखा जेवरात भी ले भागा। घटना की जानकारी पर आरोपी के पिता अरविंद से शिकायत कर गयी तो जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी शिवांशु मिश्र समेत पिता अरविंद मिश्र, बहन सेफाली व मां रेखा के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी समेत गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया हैं। सांगीपुर एसओ जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## एम्बुलेंस स्टाफ को सीएमओ ने किया सम्मानित

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर 4 अगस्त को नवाबगंज थाना क्षेत्र के ब्रह्मौली के पास कुंडा से ऊंचाहार स्कूल जा रही बच्चों से भरी बस को पीछे से एक तेज रफ्तार डम्फर ने ने जोर दार टक्कर मार दिया था जिससे बस सामने पेड़ से जा टकराई जिसमें लगभग दो दर्जन स्कूली बच्चे घायल हो गए थे। जिसकी जानकारी मिलते ही सीएचसी कालाकाकर की 108 एंबुलेंस के मेडिकल टेक्नीशियन कौशल कुमार और पायलट दिवाकर तुरंत एंबुलेंस नंबर यूपी 32 बीजी 9582 को लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए और घायल बच्चों को एंबुलेंस में शिफ्ट करा कर इलाज करते हुए ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सकुशल पहुंचाया। मेडिकल टेक्नीशियन व पायलट के कुशल कार्य के लिए सीएमओ प्रतापगढ़ डॉ गिरेन्द्र मोहन शुक्ल ने सीएचसी कालाकांकर के एम्बुलेंस टेक्नीशियन कौशल कुमार व पायलट दिवाकर को सम्मानित और पुरस्कृत किया जिसमे प्रतापगढ़ 108 के प्रोग्राम मैनेजर रोहित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# पट्टी में संदिग्ध दशा में छात्रा की मौत

## बुखार के बाद रात में हुई मौत से परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुखार आने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। छात्रा पट्टी तहसील क्षेत्र के एक इंटरमीडिएट कालेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। तेज बुखार आने पर उसे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले गए जंहा उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के किठौली जलालपुर गांव निवासी चिंतामणि यादव की पुत्री प्रज्ञा यादव (18) वर्ष कक्षा 11 की छात्रा थी। वह क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ रही थी। वह दो-तीन दिन से बुखार से पीड़ित चल रही थी। परिजन उसे स्थानीय डॉक्टर से इलाज करा रहे थे। सोमवार को स्कूल गई तो उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई विद्यालय के अध्यापकों ने छात्रा के परिजनों को इसकी सूचना दी तो परिजन उसे घर पर ले आए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले गए, वहां पर उसका इलाज कराने के बाद परिजन उसे घर ले आये, लेकिन रात 12 बजे अचानक उसकी तबियत खराब हो गई उसे आराम न मिलता देख निजी वाहन से उसे परिजन पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए तो डॉक्टरों ने उसकी गंभीर दशा को देखते हुए प्राथमिक इलाज करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे एक निजी अस्पताल में ले जा रहे थे कि रास्ते में ही किशोरी ने दम तोड़ दिया। प्रज्ञा यादव की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि बुखार होने से छात्रा की मौत हुई है।

## छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान, मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ रेलवे ट्रैक के कुंडा हरनामगंज रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर पर बाबूगंज रेलवे फाटक के पास कुंडा के तुलसी इंटर मीडिएट कालेज बाबूगंज की छात्रा कु0 रीतू पुत्री चिरौंजीलाल यादव (13) वर्षीय मस्तापुर कैमा थाना हथिगवां निवासी जो कक्षा 10 की छात्रा है। मंगलवार की सुबह स्कूल में अपनीं साइकिल खड़ी करके रेलवे ट्रैक पर पहुच गयी और ट्रैक पर से गुजर रही ट्रेन के आगे कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रा के परिजनों में कोहराम मच गया। सभी घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े सूचना पर पहुंची कुंडा कोतवाली पुलिस ने शव की लिखा पढी करके पीएम के लिए भेजा। मौत का कारण पता नही चल सका।

## अपना दल कमेरावादी ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपना दल कमेरावादी के जिलाध्यक्ष रमेष चंद्र पटेल की अगुवाई में कार्यकताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में अपना दल के संस्थापक डा0 सोनेलाल पटेल की 17 अक्टूबर 2009 को हुई हत्या की सीबीआई जांच कराई जाए, 23 अगस्त 1999 को पीडी टंडन पार्क इलाहाबाद में डा0 सोनेलाल पटेल एवं कार्यकताओं पर किये गये प्राणघातक हमले की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए कार्यकताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमा वापस लिये जाने व पूर्व की घटनाओं एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल को जेड श्रेणी सुरक्षा दिये जाने की मांग की गई। इस मौके पर अषोक कुमार पटेल, राम सरोजन वर्मा, कृष्ण कुमार पेल, विनोद कुमार पटेल, इंद्र बहादुर, रामपाल, घनष्याम यादव, मनोज पटेल आदि मौजूद रहे।

# कृषि अनुसंधान परिषद के गवनिर्ग बॉडी सदस्य ने किया निरीक्षण, प्रस्तुत की गई प्रगति आख्या

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू अवधेशपुरम का मंगलवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के गवर्निंग बॉडी के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य कृषि विज्ञान केन्द्र की कार्य प्रणाली, उनकी समस्याओं को जानने तथा किसानों से सम्पर्क करने के लिये था। श्री तिवारी ने सर्व प्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी इकाईयों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शहद प्रसंस्करण इकाई, मुर्गी पालन, बटेर पालन, मत्स्य पालन के साथ बतख पालन, नर्सरी, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप कम्पोस्ट आदि इकाइयों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए किसानों तक पहुॅचाने की बात कही। साथ ही साथ उन्होने कृषक व महिलाओं से वातार्लाप किया जिसके अन्तर्गत उन्होने सब्जी उत्पादक, मौन पालक तथा समूह की महिलाओं से उनकी समस्याओं से रूबरू हुए तथा ऑवला उत्पादन के विकास व प्रचार प्रसार के लिए कहा। भ्रमण के पश्चात सभागार में कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम समन्वयक डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने पिछले पॉच वर्षो में किये गये कार्यो की प्रगति आख्या प्रस्तुत किया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र के डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन सिंह, श्री भाष्कर शुक्ला, श्रीमती स्वाती दीपक दूबे, डा0 अवधेश सिंह, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, डा0 रणजीत सिंह, डा0 प्रशान्त उपाध्याय, डा0 यतेन्द्र कुमार, विनोद चैरसिया, रामचन्द्र, जुगुल किशोर, जी0 आर0 पटेल, रविशंकर, अरूण शुक्ला तथा किसानों में अजय सिंह, रोशन लाल, शिव प्रकाश, गीता देवी, राधा देवी, कल्पना, विटटन, फूलकली आदि उपस्थित रहे।


कृषि विज्ञान केंद्र ऐठू के इकाइयों का निरीक्षण करते सदस्य।

## दलित प्रधान को पीटा, दी धमकी

**परियावां।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान राम प्यारे सरोज को गांव के आधा दर्जन लोगों ने 22 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे चुनावी रंजिश के चलते मारा पीटा। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के चलते गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए, जिसकी तहरीर ग्राम प्रधान ने नवाबगंज पुलिस को दिया। समाचार भेजे जाने तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया।

## तीन वांछित अभियुक्त धराए

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ उप निरीक्षक राजीव वर्मा नव मुखबिर की सूचना पर रामा शंकर यादव पुत्र त्रिभुवन यादव निवासी मीरापुर थाना संग्रामगढ़ व रामस्वरूप सरोज पुत्र छोटू सरोज अस्थवा संग्रामगढ़ निवासी को थानाब क्षेत्र के मीरापुर के पास दुकान से गिरफ्तार किया। इधर नवाबगंज उप निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर जवाहर लाल शर्मा पुत्र पृथ्वीपाल छाछामऊ निवासी को थाना क्षेत्र के आजाद नगर चैराहा पर एक दुकान से गिरफ्तार किया। तीनों वाँछित आरोपियों को लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

## किसान क्रेडिट कार्ड से निकले 95 हजार, शिकायत

**प्रतापगढ़।** देल्हूपुर थाना क्षेत्र के साधन सहकारी बैंक में बड़ा घोटाला का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड खाते से 95 हजार रुपये निकाले गये, जिस पर आधा दर्जन किसान ने अपर जिला सहकारी अधिकारी से शिकायत की। किसान की शिकायत पर अधिकारी ने जांच शुरू कर दी। समिति के सारे अभिलेखों को कब्जे में लिया गया है। इसको लेकर साधन सहकारी बैंक में हड़कंप मचा रहा। किसान अपने खाते की जानकारी की मांग कर रहे हैं।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त इन्द्रजीत सिंह पुत्र बैकुण्ठ सिंह निवासी चौकी व थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त विक्रम सिंह उर्फ मुन्ने पुत्र जगजीत सिंह निवासी बरगदी थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता कल्पना देवी पत्नी देशराज निवासी चम्पा बाजार थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब मय शराब बनाने के उपकरण बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।





जांच करते अधिकारी

# जांच में मिली तमाम खामिया

## ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच, आवास के लाभार्थियों से धन उगाही की गई थी मांग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ऐग्वा उपरहार विकास खण्ड कौशाम्बी में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच एडीओ पंचायत जितेंद्र कुमार शुक्ला एपीओ जितेंद्र सोनकर ने गाँव मे जाकर जाँच किया जिसमें तमाम कमिया पाई गई आवास के लाभार्थियों से धन उगाही की गई लाभार्थी ने अपने बयान में अधिकारी के सामने बताया कि अभी और धन मंगा जा रहा है एक चकरोड में मिट्टी का कार्य हुआ जिसकी एमवी 500 मीटर की दिखा करके पैसा निकाल लिया गया जबकि नाप हुई तो मौके पर 250 मीटर ही प्राथमिक विद्यालय चुन्नी का पूरा से पप्पू पासी के घर तक हुआ स्ट्रीट लाइट 150 में मात्र 25 चालू हालात में है बाकी सब खराब पाई गई 7 रिबोर में एक भी हैण्डपम्प में फाउंडेसन नही बना है न ही सॉफ्ट फिट गड्ढा बना है आज तक कभी खुली बैठक नही की गई ग्राम प्रधान ने मनमानी तरीके से सरकारी धन का गबन किया है ग्रामीणों ने शिकायत मुख्यमंत्री से की थी जिसकी जांच हुई है अब देखना यह है कि कब तक कार्यवाही होती है।

### पुलिस अधीक्षक ने किया थाना का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सैनी का औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क व थाना परिसर को चेक किया गया साथ ही दस्तावेजों के रख-रखाव तथा परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### हादसों की वजह बन रहे घूमंतू मवेशी

**कौशाम्बी।** शासन आवारा गोवंश को गोआश्रयों में ले जाने व इनके पालन पोषण के लिए पशुपालकों को प्रोत्साहित कर रही है लेकिन यह योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गई हैं। सड़कों पर आवारा पशु सुबह से शाम तक डेरा जमाए रहते हैं। इससे वाहन चालकों व राहगीरों के साथ किसी भी समय हादसों से इंकार नहीं किया जा सकता है। सैनी चौराहा जीटी रोड के लोग इस समय अन्ना पशुओं से परेशान है। यह जानवर सुबह से शाम तक मार्ग पर सड़क पर डेरा जमाए रहते हैं क्षेत्र में कोई गोशाला न होने की वजह से इनकी संख्या भी बहुत अधिक है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक व पैदल राहगीरों को बेहद परेशानी होती है। उनके साथ किसी भी घटना होने का हमेशा खतरा बना हुआ है। दुकानदार यदि कुछ कार्य करने में जुट जाए तो जानवर नुकसान कर देते हैं।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की खण्ड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात



प्रतिमा भेट करते राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संरक्षक राकेश तिवारी एवं महामंत्री मदन कुमार यादव की अध्यक्षता में खण्ड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज मुकेश नारायण मिश्र से औपचारिक मुलाकत की गयी ब्लाक महामंत्री मदन कुमार यादव द्वारा भारत माता की प्रतिमा भेट कर संघ के उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का परिचय कराया ब्लाक कोषाध्यक्ष डॉ अश्विनी कुमार द्वारा शिक्षक समस्याओं को अवगत कराया गया खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्याओं का शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो.सालिम उपाध्यक्ष दिनेश कुमार मीडिया प्रभारी जगदीप कुमार सन्तोष यादव अंजू देवी फूजैल अहमद मानस सिंह आदि शिक्षक मौजुद रहें।

# धुआं के नशा में सुलग रहा चायल सर्किल क्षेत्र!

**कौशाम्बी।** चायल सर्किल क्षेत्र इन दिनों अवैध मादक पदार्थ का गढ़ बन गया है। इस क्षेत्र की युवा पीढ़ी बहुत ही तेजी के साथ नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ हिस्सा वसूल करने तक सीमित रह गए हैं। चायल सर्किल में आने वाले कुछ ऐसे थाना चौकी हैं जिससे कुछ कदम की दूरी पर गांजा एवं स्मैक की खुलेआम बिक्री होती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी रोकने का साहस नहीं करते हैं जो उनकी निष्ठा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। थाना पुलिस द्वारा खानापूर्ति के लिए दो - चार महीने में छोटे कारोबारियों के ऊपर कानूनी कार्यवाही कर जेल भेज दिया जाता है और अधिकारियों से अपनी पीठ पर थपथपी लगवाकर झूठी वाहवाही लूट लेते हैं जिससे अधिकारियों के नजर में उनकी छवि साफ - सुथरी बनी रहती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। चायल सर्किल क्षेत्र में गांजा एवं स्मैक की बिक्री आम बात हो गई है। प्रयागराज जनपद से स्मैक तस्कर आते हैं और चायल सर्किल क्षेत्र के कई जगहों पर आसानी से स्मैक की बिक्री कर चले जाते हैं लेकिन थाना पुलिस को भनक तक नहीं लगती या फिर जानकर भी अनजान बने रहने का नाटक करते हैं। दो दिन पहले मनौरी से डायल 112 की पुलिस दिलीप नाम के व्यक्ति को स्मैक बिक्री करते हुए पकड़ लिया और सपना ईंट भट्ठा के पास सुनसान इलाके में ले जाकर तलाशी लिया जिसकी जेब से कुछ स्मैक की पुड़िया और रुपए बरामद हुए जिसके बाद स्मैक बिक्री करने वाले व्यक्ति और डायल 112 के सिपाहियों के बीच छोड़ने की सौदेबाजी शुरू हुई जो पांच हजार रुपए में छोड़ने की बात तय हो गई और पांच हजार रुपए लेकर छोड़ दिया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी चायल से दूरभाष संचार के माध्यम से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# श्रमिक नजदीकी सीएससी जाकर बनवायें गोल्डेन कार्ड

## जनपद में 34 हजार 788 परिवारों के सापेक्ष अभी तक 938 परिवारों के बने गोल्डेन कार्ड

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति ने देते हुए बताया है कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाना है श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त निर्माण श्रमिकों को सूचित किया है कि वे अपने ग्रामसभा के कोटेदार नजदीकी सीएससी या आरोग्य मित्र से सम्पर्क कर अपना गोल्डेन कार्ड बनवायें उन्होंने बताया कि जनपद में गोल्डेन कार्ड बनवाने हेतु 34 हजार 788 परिवारों का लक्ष्य आवंटित है, जिसमें से 938 परिवारों के गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुके हैं। उन्होंने सभी जनपद के सभी ग्राम प्रधानों कोटेदारों आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यत्रियों से अपेक्षा की है कि वे अपने अपने गॉवों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे शत-प्रतिशत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का गोल्डेन कार्ड शीघ्र बनाया जा सके।

### जनपद के सेवा प्रदाता सेवा योजन विभाग के पोर्टल पर करें पंजीयन

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजना अधिकारी गौतम घोष ने अवगत कराया है कि शासन की मंशानुसार सेवा योजन विभाग द्वारा आमजनमानस को घर बैठे घरेलू सेवायें यथा-प्लम्बर इलेक्ट्रीशियन कारपेण्टर एसी मैकेनिक पेण्टर टैक्सी सर्विस रंगाई-पुताई कम्प्यूटर हार्डवेयर ब्यूटीशियन एवं मेडिकल प्रैक्टिस आदि उपलब्ध कराने के लिए टोलफ्री नंबर-155330 (सेवामित्र हेल्प लाइन) की सुविधा उपलब्ध कराई गई है उन्होनो जनपद के सेवा प्रदाता (वेण्डर/दुकानदार/ठेकेदार) तथा उनसे संबंधित कुशल एवं अकुशल (संबंधित कार्य की जानकारी रखने वाले) कामगारों/कारीगरों को सूचित किया है कि वे अपना पंजीयन विभाग के पोर्ट करते हुए घर बैठे अपनी सेवाओ का निःशुल्क व्यापक प्रचार-प्रसार कर सेवा प्रदान कर सकतें हैं। जिला सेवा योजना अधिकारी ने बताया कि पोर्टल के माध्यम से अनेक निःशुल्क लाभ प्राप्त किये जा सकतें हैं-डिजिटल प्लेटफार्म (पोर्टल तथा एप) द्वारा सेवाओं का जिला मण्डल अथवा प्रदेश स्तर पर विस्तार, 50 सीटर निःशुल्क कॉल सेण्टर एवं सेवा मित्र हेल्पलाइन-155330 की उपलब्धता एवं वेण्डर/दुकानदार/ठेकेदार द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का विभिन्न माध्यमों से निःशुल्क प्रचार-प्रसार है।

## न्यूज झरोखा

### गांजा के साथ अभियुक्त किये गये गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम अलग अलग थानों की पुलिस बल द्वारा 1100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त समशेर अली पुत्र स्व0 रहमत अली निवासी जवई थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को मुखबिर की सूचना पर अफजलपुर वारी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त की जामा तलाशी से 550 ग्राम नाजायज गांजा बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सोनू पुत्र मदन नट निवासी पंडीरी थाना करारी को हिसामपुर तिराहा से 550 ग्राम अवैध गाजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### मीरापुर सफाई कर्मचारी किस भ्रष्टाचारी के इशारे पर करता है कार्य

#### नाली नहीं होने से फैली गंदगी सफाई कर्मचारी काट रहा चांदी



**कौशाम्बी।** मंझनपुर करारी मीरापुर ग्राम सभा आरसीसी रोड पर नाली की व्यवस्था न होने के कारण भरा रहता है हमेशा पानी फैली रहती है गंदगी आवागवन में लोगों को हो रही समस्या और इस गंदगी पर ग्राम सभा के जिम्मेदारों की क्यूँ नहीं पड़ती नजर और सफाई कर्मचारी काट रहा चांदी आखिर कौन है जिम्मेदार सालों साल भरा रहता है पानी जबकि 100 मीटर पर है तालाब फिर भी नाली की व्यवस्था नहीं हो पा रही कई घरों का पानी बहता है आरसीसी रोड पर और पानी निकास का कोई व्यवस्था नहीं यह एक जांच का विषय है।

# एसपी ने किया नवनिर्मित भवन का निरीक्षण

अखंड भारत संदेंश



भवन का निरीक्षण करते एसपी उपस्थित क्षेत्राधिकारी व अन्य

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा एसपी ने कोखराज थाना के नवनिर्मित थाना भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिराथू ने नए भवन में बने सभी कमरों थाना प्रभारी के चेंबर बैरक थाना में बने किचन रूम मालखाना रूम का जायजा लिया इस दौरान एसपी ने कुछ कमियों को दूर करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया ताकि जल्द ही कोखराज थाना को नए भवन में स्थानांतरित किया जा सके। इस मौके पर एसपी ने थाना प्रभारी को थाना में स्वच्छता का विशेष ध्यान देने का भी निर्देश दिया सौंदर्यीकरण के लिए फूल पौधे भी लगाने के निर्देश दिए।

### एसपी ने सुनी जनसुनवाई



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के द्वारा पुलिस कार्यालय में समस्या लेकर आए दर्जनों लोगों की समस्याएं सुनी इस दौरान लोगो ने अपनी अपनी समस्या पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखी जिसे एसपी द्वारा फरियादियो की समस्याओं को सुना एंव शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सभी समस्या का निस्तारण किया पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो भी आवेदन प्राप्त हुआ है संबंधित थानाध्यक्ष को निस्तारण हेतु भेजा जाएगा उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि जो भी समस्या से संबंधित आवेदन थानाध्यक्ष को भेजा गया है सही तरीके से इसका निस्तारण किया जाएगा ताकि जो भी आवेदन दिए हैं उनका निस्तारण शीघ्र हो सके पुलिस अधीक्षक के द्वारा लगातार आए आम लोगों से मिलकर उसके समस्या का निस्तारण किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना कोखराज से चार थाना सैनी से छः कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 128 वाहनो का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# कार्य योजना के नाम पर गौसपुर ग्रामसभा में लाखों का घोटाला

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लाक के गौसपुर गांव में कार्य योजना के नाम पर लाखों रुपए का घोटाला हो चुका है। गौसपुर ग्रामसभा का प्रधान सिगरेट्री की मिलीभगत से कार्य योजना के नाम पर फर्जी मास्टर रोल के सहारे सरकारी खजाना निकालकर अपनी तिजोरी भरने में लगा है। इस ग्राम सभा में कई कार्य कागज पर पूरी तरह से पूर्ण हो चुके हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इस ग्राम सभा की जमीनी हकीकत अपनी बदहाली का दंश झेलने को मजबूर है। मनरेगा कार्य के तहत फर्जी मास्टररोल भरकर भारी - भरकम धनराशि निकाल ली गई है। मनरेगा का पैसा ऐसे लोगों के खाते में भेजा जा चुका है जो व्यक्ति पूरी तरह से संपन्न है जिसका मनरेगा मजदूरी से कोई वास्ता नहीं है और वह व्यक्ति कभी भी मनरेगा के तहत मजदूरी करने ना गया हो लेकिन ऐसे लोगों के खाते में आसानी से रुपए भेज कर सरकारी खजाना खाली किया जा रहा है। शौचालय कि बात करें तो इस ग्राम सभा में ऐसे लोगों के नाम पर शौचालय स्वीकृत कर दिया गया है जो गौसपुर ग्राम सभा के निवासी नहीं हैं और ना ही इस ग्राम सभा में किसी व्यक्ति का नाम है। गौसपुर ग्रामसभा में उक्त नाम का व्यक्ति नही है जिसके नाम पर शौचालय आवंटित कर दिया गया है जो बड़ी जांच का विषय है। गौसपुर ग्रामसभा में नाली, खड़ंजा सहित कई ऐसे कार्य हैं जिसका बिना निर्माण कराए पैसा निकल चुका है और यह पैसा किन लोगों के पास कितना गया यह एक अलग जांच का विषय है।

### जीशान उस्मानी को मिशन मोदी ट्रस्ट अल्पसंख्यक मोर्चा का बनाया गया जिला उपाध्यक्ष



**कौशाम्बी।** डेमोक्रेसी डेवलपमेंट ट्रस्ट मिशन मोदी अगेन पीएम अभियान के तहत जीशान उस्मानी को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष कौशाम्बी नियुक्त किये जाने से जिले के तमाम पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गयी अच्छे कार्य व संगठन को मजबूत करने के प्रयास को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल हलीम ने संगठन को मजबूत करने व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के साथ मिशन मोदी डेमोक्रैसी डेवलपमेंट में जीशान उस्मानी को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है जिस पर तमाम कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने एक दूसरे को फूल माला पहना कर मिठाई खिलाई औ? खुशियाँ जताई , जिम्मेदारी निभाने के साथ साथ जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि इससे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का सम्मान भी बढ़ा हैं इस पर उन्होंने अपने प्रदेश अध्यक्ष को आभार प्रकट कर शुभकामनाएं दी।

### मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक



**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत व नारी सुरक्षा नारी सम्मान के लिए महिलाओं बालिकाओं में सशक्तिकरण अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने सड़कों पर स्कूल जाने वाली छात्राओं को 1090 वूमेन पॉवर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन और 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जागरूक किया। जिले के कोखराज थाना पुलिस टीम द्वारा विद्यालय की छात्राओं बालिकाओ व शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए पुलिस टीम द्वारा नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन एंव नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

# पत्नी ने फंदा लगाकर दी जान सदमे में पति ने खाया जहर, हालात नाजुक

**कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां आर्थिक तंगी के चलते पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही पत्नी की मौत के बाद पति ने भी ने कीटनाशक खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की परिवार के लोगों ने पति को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी संतोष सोमवार की शाम को घूमने निकला था और रात नौ बजे वापस घर लौटा। उन्?होंने बताया कि वापस आने पर संतोष ने देखा कि उसकी पत्नी रीना (35) कमरे की छत से साड़ी के फंदे से लटक रही थी। संतोष ने पत्नी को फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके बाद संतोष ने घर में रखा कीटनाशक खा लिया, इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया। जहां से चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। तिवारी के मुताबिक संतोष का उपचार चल रहा है और पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।पुलिस ने रीना के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बस ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग कल्यानपुर के पास ट्रक बस में भिड़ंत हो गयी हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया है बस यात्री सुरक्षित बताए जाते हैं इस हादसे में बस कंडेक्टर को मामूली चोटें लगी है सूचना पर पहुची शहजादपुर पुलिस ने घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस प्रयागराज से कानपुर जा रही थी कानपुर की तरफ से कन्टेनर प्रयागराज की ओर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग के कल्यानपुर के पास दोनो मे आमने सामने टक्कर हो गई है।

# 50 दिन बीते नहीं खाली हो सके 11 पंचायत भवन !

**डीपीआरओ ने पंचायत भवन खाली कराने के लिए तीनों एसडीएम को 23 मई को लिखा था पत्र**

**पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय और सामुदायिक भवन में अवैध कब्जे के मामले में कहीं अधिकारियों की भूमिका सवालों में तो नहीं**

अखंड भारत संदेश

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** सरकारी संपत्तियों में कब्जा किए जाने के मामले में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है तालाब की जमीन मरघट ऊसर बंजर नवीन परती कब्रिस्तान शत्रु संपत्तियों की जमीनों में कब्जे के मामले तो आम बात हो गई है लेकिन अब सरकार के बने हुए भवन पर कब्जे शुरू हो गए हैं सरकारी जमीन को खाली कराने में राजस्व महकमा पूरी तरह से लापरवाह बना हुआ है उसी तरह से अब सरकारी भवन के कब्जे के मामले में अधिकारी गंभीर नहीं है सरकार के नुकसान को लेकर अधिकारियों की इस लापरवाही तमाम कहानी बयां कर रही है लेकिन उसके बाद भी अधिकारी सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिले में पंचायत भवन सामुदायिक भवन और सामुदायिक शौचालय में भी कब्जे हो चुके हैं केवल पत्रावलियों में आदेश जारी कर खाली कराए जाने का अधिकारियों द्वारा ढकोसला हो रहा है जिससे कब्जा धारकों के हौसले बुलंद हैं। सरसावा विकासखंड क्षेत्र के धवाडा गांव में बने पंचायत भवन में कई वर्षों पूर्व कब्जा करने के बाद टेन्ट हाउस खोल लिया गया है पंचायत भवन को खाली कराने के लिए औपचारिकता ही निभाई जा रही हैं जिससे पंचायत भवन नहीं खाली हो सका है 23 मई को जिला पंचायत राज अधिकारी ने तीनों उप जिला अधिकारी को पत्र लिखकर जिले के पंचायत भवन सामुदायिक भवन सामुदायिक शौचालय सहित कुल 11 सरकारी संपत्तियों को खाली कराने के लिए पत्र जारी किया था इस पत्र को जारी हुए 50 दिन बीत चुके हैं लेकिन 11 सरकारी संपत्तियां जिले के 3 एसडीएम नहीं खाली करा सके हैं जिससे अधिकारियों की कार्यक्रम के निष्ठा का अंदाजा लगाया जा सकता है। कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के राक्सवारा स्थित सामुदायिक भवन में भी दुर्गा प्रसाद मौर्य ने कब्जा कर लिया है इस सामुदायिक भवन को खाली कराने में भी अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के जुगराजपुर और गौहानी के पंचायत भवन में भी शिव शंकर और ईश्वर दीन शुक्ला ने कब्जा कर लिया है लेकिन यह दोनों पंचायत भवन भी कब्जा हो जाने के बाद नहीं खाली हो सका है जब सरकारी संपत्तियों पर कब्जे के मामले में अधिकारी इतने लापरवाह है तो आम जनता की जमीनों में विवाद के निस्तारण में अधिकारी कितने गंभीर होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के बलकरनपुर के पंचायत भवन में भगवती प्रसाद ने कब्जा कर रखा है लेकिन इसको भी खाली कराने में प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं नेवादा विकासखंड क्षेत्र के चकपिन्हा गांव के पंचायत भवन में सीताराम घारूपुर के पंचायत भवन में राजेंद्र प्रसाद रसूलपुर टप्पा के पंचायत भवन में मानसिंह और सेवढा के पंचायत भवन में यूनानी चिकित्सालय का कब्जा है गोविंदपुर के पंचायत भवन में भी अवैध कब्जा है इतना ही नहीं बरियावा के सामुदायिक शौचालय में पूर्व प्रधान ने कब्जा कर लिया है जांच में इस बात का खुलासा हो चुका है डीपीआरओ ने तीनो एसडीएम को पत्र लिखकर खाली कराने के लिए कहा है लेकिन उसके बाद भी अवैध कब्जे के शिकार पंचायत भवन सामुदायिक भवन और सामुदायिक शौचालय खाली नहीं हो सके हैं।

# ये संकेत बताते है आप पी रहे हैं ज्यादा पानी, जानें इसके नुकसान



मारा शरीर लगभग 70 प्रतिशत पानी से बना हुआ है। हेल्दी, फिट और निरोग रहने के लिए डॉक्टर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं ये पानी आपको बीमार कर सकता हैं। जी हां अगर पानी का सेवन ज्यादा किया जाए, तो ये कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। आज भी ज्यादातर लोग डिहाइड्रेशन के लक्षणों पर ही ध्यान देते हैं, लेकिन ओवरहाइड्रेशन (Overhydration) के बारे में जानना नहीं चाहते हैं। ज्यादा मात्रा में पानी पीने से खून में सोडियम का स्तर काफी कम हो जाता है। इतना ही नहीं अगर आप ज्यादा पानी पीते हैं, तो ये शरीर में सूजन, दर्द और कई घातक बीमारियों का कारण भी बन सकती है। इसलिए आज हम आपको बताने जा रहे हैं उन संकेतों के बारे में, जो ये बताते हैं कि आप ओवरहाइड्रेट हैं 7

**सिर में दिनभर दर्द रहना**

पूरा दिन सिर में दर्द रहना ओवरहाइड्रेशन का एक लक्षण माना जाता है। ज्यादा मात्रा में पानी पीने से शरीर के कोशिकाओं में सूजन आ जाती है। ये सूजन दिमाग में भी पहुंच सकती है, जिसकी वजह से सिर में दर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**प्यास न लगने पर भी पानी पीना**

आप ज्यादा मात्रा में पानी पी रहे हैं ये जानने का सबसे बेस्ट और आसान तरीका ये है कि आप प्यास न लगने पर भी पानी पी रहे हैं। शरीर में ज्यादा पानी जाने की प्रक्रिया को वाटर इंटॉक्सिकेशन कहा जाता है। इस स्थिति में शरीर का इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ जाता है।

**पेशाब की तरह दिखता है पानी**

अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी पी रहे हैं, तो पेशाब का रंग हल्के पीले होना ताहिए। लेकिन अगर आप ज्यादा मात्रा में पानी पी रहे हैं, तो पेशाब बिल्कुल पानी की तरह दिखेगा। पेशाब त्यागने के दौरान इसे रंग पर जरूर करें। रंगहीन मूत्र होना एक स्पष्ट संकेत है कि आप बहुत अधिक पानी पी रहे हैं।

**उल्टी या दस्त महसूस होना**

ओवरहाइड्रेशन के लक्षण डिहाइड्रेशन की तरह दिखते हैं. जब आप बहुत अधिक पानी पीते हैं, तो आपके किडनी एक ऐसे बिंदु पर पहुंच जाते हैं, जहां वे अतिरिक्त तरल से छुटकारा पाने में असमर्थ होते हैं। जिससे आपके शरीर में पानी जमा हो जाता है।

**ज्यादा पानी पीने से होने वाले नुकसान**

डॉक्टरों के अनुसार एक इंसान को प्रतिदिन 3 लीटर पानी पीना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति शरीर की जरूरत से ज्यादा पानी पीता है, भ्रम, उनींदापन (Drowsiness), क्रैम्प, मांसपेशियों में कमजोरी, हाई ब्लड प्रेशर जैसी कई बीमारियां उसे परेशान कर सकती हैं।

# विकास मंत्रों का यथार्थ धरातल पर भी दिखे

राष्ट्रीय एकता की भावना के लिए यह एक जीवनदायी बात है कि देश ने इस स्वाधीनता दिवस पर फिर से गर्व भरी भावना महसूस की कि हम क्षेत्रीयता, कट्टरता, जातीयता और अंधधार्मिकता के कटघरों में कैद लोग नहीं, विशुद्ध भारतीय हैं। सदियों पुरानी गुलामी की जंजीरें तोड़ने में जिन आजादी के दीवानों ने बलिदान दिया, उन्हें याद करते हुए आम लोगों को एक अलग-सी राष्ट्रीयता की भावना का अहसास हुआ।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब लालकिले की प्राचीर से तिरंगा फहराते हुए विकास मंत्र दिया, तो सच सबको लगा कि इस देश में भ्रष्टाचारी सोच का शुद्धीकरण हो जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षणों की यह बात गलत हो जायेगी कि उस देश में संपर्क की बैसाखियों के बिना कुछ नहीं सधता। दरअसल, परिवारवाद और वंशवाद राजनीति में ही नहीं, सामाजिक, व्यावसायिक और प्रशासनिक जीवन में भी रोग बनकर घर कर गया है।

लालकिले से राष्ट्रीय जीवन में उपलब्धि हासिल करने के लिये देश के कोने-कोने में उजागर होते वंशवाद को उखाड़ फेंकने का आह्वान देश के इस शीर्षस्थ नेता ने किया। अवश्य इस वंशवाद, इस भाई-भतीजावाद को उखाड़ फेंकने की यह प्रतिबद्धता प्रशस्ति योग्य है। लेकिन कतार के आखिरी आदमी के रूप में बरसों से ठिठके हुए साधारण जन यह अवश्य चाहते हैं कि उन्हें अब और रियायतों की रेवड़ियों से न बहलाया जाये। बहुत हंगामा रहा रियायतों की रेवड़ियों को तुष्टिकरण की नीति बनाने का। प्रधानमंत्री ने बार-बार अपने उद?्बोधनों में इस मुद्दे को उठाया। शीर्षस्थ न्यायालय ने इसकी विसंगति को उठाया। चुनाव आयोग को इसका सहारा ले चुनाव लड़ने वालों को प्रतिबंधित करने के लिये कहा। लेकिन चुनाव आयोग ने कहा, यह काम उनकी शक्तियों से नियंत्रित होना कठिन है। इन पर नियंत्रण कसना है, तो शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ कमेटी अपने गंभीर सुझावों के साथ करे, या समय की सरकार अपने देश को आत्मनिर्भर कर देने के मंत्र से करे।लेकिन राजनीति के रंग न्यारे हैं। स्वनाम-धन्य नेताओं ने बताया कि शिक्षा, रोजगार या भुखमरी से किसी को न मरने देने के प्रयास रेवड़ियां बांटना नहीं, उचित जनकल्याण है, जो पीड़ित और दलित वर्ग को मिलना ही चाहिए।दूसरी ओर अर्थ विशारदों ने इसकी आर्थिक परिभाषा निर्धारित करके जनकल्याण करने को कहा। यह न हो कि मुफ्तखोरी का हलुआ बांटने की इस अंधदौड़ में देश खुद संकट में आ जाये और देश का वंचित वर्ग हर क्षण मुट्ठी भर धनिकों की ऊंची होती अटारियों को देखकर यही कहता रहे कि 'दुविधा में दोनों गये, माया मिली न राम।'खैर, प्रधानमंत्री ने स्वाधीनता दिवस पर अपने सपनीले भाषण में जोर देकर बता दिया, कि 'महोत्सव मना लिया, अब अगले पच्चीस बरस के लिए श्रमशील विकास पथ का विस्तार फैला है। हमें निरंतर उस पर चलना है। देश के लिए मूलभूत आर्थिक ढांचे का निर्माण करते हुए ताकि पच्चीस बरस बाद अपना शतकीय उत्सव मनाते हुए हम विश्वास के साथ कह सकें, हम विकसित राष्ट्र हो गये।' जी हां, वैसे ही विकसित राष्ट्र जैसे अमेरिका, रूस या यूरोप के अन्य पश्चिमी देश हैं। इस बीच हमें वित्तमंत्री निर्मला जी से लेकर रिजर्व बैंक तक सबने बार-बार



समझाया कि महामारी के इन विकट दिनों में, कुलाचें भरती हुई महंगाई के इस चक्रव्यूह में, रूस-यूक्रेन के भयावह युद्ध और चीन ताईवान की तनातनी में अमेरिका की पासा बदल नीतियों के बावजूद एक अपना देश ही है जो तीसरी दुनिया ही नहीं विश्व भर के सब देशों में एक बहुत तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। अब तो उम्मीद यही है कि आने वाले आर्थिक वर्षों में यह स्वतस्फूर्त आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बन जायेगा।विकट दिनों के काले बादल छंट रहे हैं। हमने कोरोना विरोधी टीकाकरण में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर ली है, और अब फिर करोड़ों लोगों के सही उपचार का संदेश भारत ने दिया है, आयुष का मंत्र देकर जिसमें ऐलोपैथी के साथ भारत की सदियों पुरानी आयुर्वेदिक चिकित्सा का भी संबल रहेगा। स्वस्थ भारत, कर्मशील भारत, नया भारत, नव जागरण की अर्चना के रूप में इस अमृत महोत्सव में स्वाधीन दिवस के फहराते तिरंगे के साथ उभर कर सामने आया है।जन-जन ने इसका स्वागत किया है। लेकिन सवाल है कि निर्यात अभी तक इस आयात आधारित अर्थव्यवस्था में बजट घाटे से लेकर बढ़ते व्यापार घाटे के रोग से ग्रस्त क्यों? आत्मनिर्भरता के मुखर दावों के बावजूद आज भी हम अपने महत्वपूर्ण उत्पादनों का कच्चा माल विदेशों से क्यों मंगवाते हैं? चीन से आयात के बहिष्कार के नारे तो बहुत बुलंद हुए लेकिन तनिक पड़ताल तो कर लो, आज भी चीन से होने वाला आयात, निर्यात से कहीं अधिक है। आयल और नेचुरल गैस कमीशन ने तेल-गैस के कुएं खोज निकालने के वादे तो बहुत से किये थे, लेकिन अब तक भी उसकी वार्षिक औसत प्राप्ति में कोई वृद्धि नहीं, हां महंगी तेल गैस के कारण उसकी कुल आय अवश्य बढ़ गयी है। उधर कल भी देश की कुल जरूरत का पच्चासी प्रतिशत तेल गैस हम विदेश से मंगवाते थे, आज भी मंगवाते हैं। तेल गैस की अंतर्राष्ट्रीय दरें गिरे, तो भी इस देश का साधारण कर्मी कोई राहत नहीं पाता, हां देश की तेल कंपनियां अवश्य अपना घाटा बढ़ जाने का रुदन राग तीव्र कर देती हैं।लेकिन फिर भी आत्मावलोकन के इन उत्सव दिनों में हमें अनुभूत हुआ है, कि विश्व के मानचित्र में अपने देश की महत्ता बढ़ गयी। अब दुनिया का कोई भी फैसला भारत की चिंता, चिन्तन, परामर्श और उसके स्टैंड के परवाह किये बगैर नहीं होता। हमारी कूटनीति, विदेश नीति सफल है। इसका लोहा तो पाक के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खां ने फिर माना है।इस बार प्रधानमंत्री ने लालकिले से देश के विकास के मूल मंत्र को भी विस्तार दिया है। कभी भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था, 'जय जवान, जय किसान।' फिर इसके साथ जुड़ गया 'जय विज्ञान' और इस वर्ष इसके साथ मोदी जी ने एक और आयाम जोड़ा है, 'जय अनुसंधान'। बेशक शिक्षा और ज्ञान के नये प्राचीर इस देश में विज्ञान के अमिट उत्थान और अनुसंधान की अन्यतम गहराइयों के साथ प्रतिबद्ध हुए बिना खड़े नहीं किये जा सकते।इंटरनेट की इस नयी दुनिया में भारत के डिजिटल हो जाने के सिवा कोई और विकल्प भी तो नहीं। लेकिन हर हाथ स्मार्ट फोन और हर उपेक्षित कोने में मोबाइल सुविधा देने को टावरों का जाल तो बिछाना होगा? नहीं तो ऑनलाइन शिक्षा के नाम पर परीक्षाओं में खुलेआम नकल और सौ में से सौ अंक प्राप्त करने के मिथ्या आडंबर मिलेगा। वहीं आनलाइन बैंकिंग के नाम पर आम आदमी को बैंक खाता हैकिंग और अबूझ साइबर अपराधों के सिवा कुछ नहीं मिलेगा।बेशक नव अनुसंधान के बिना विज्ञान कैसे प्रगति करेगा? लेकिन तनिक यह भी तो यथार्थ बांच लो कि शिक्षा परिसरों में प्रतिबद्ध अनुसंधान प्रवृत्ति के स्थान पर आइलैट अकादमियों और बैंड प्राप्ति की अन्ध दौड़ का माहौल पैदा हो गया है।

**सम्पादकीय**

## सेब की कसक

बाजार की बड़ी ताकतों के हस्तक्षेप से घटता मुनाफा हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों के कष्टों का सबब बना हुआ है। बड़ी पूंजी की ये कंपनियां अपनी ताकत से फसल की पैदावार पर बड़ी खरीद से बाजार मूल्य को प्रभावित कर रही हैं। ये कंपनियां पीक सीजन पर फसल की कीमत गिरा देती हैं और ऑफ सीजन पर मनमाने दाम वसूलती हैं। जिससे सेब उत्पादकों का मुनाफा कम हो जाता है। फसल पकने पर औने-पौने दामों पर सेब खरीदकर नियंत्रित तापमान वाले भंडारगृहों में जमा कर लेती हैं। जब ऑफ सीजन आता है तो मनमाने दामों पर सेब की फसल बेचने लगती हैं। जिससे उत्पादकों को न्यायोचित मुनाफा नहीं मिल पाता। वहीं आम उपभोक्ताओं को भी महंगे दामों में सेब खरीदना पड़ता है। कुल मिलाकर बड़ी पूंजी की कंपनियां सेब बाजार को कब्जाने की जुगत में हैं। हाल के दिनों में सेब उत्पादकों की परेशानियों में लगातार इजाफा हुआ है। दरअसल, सेब की पैकेजिंग करने वाले सामान पर जीएसटी लगने से बागवानों की लागत बढ़ी है। वहीं कीटनाशकों के दामों में वृद्धि, सेब को तोड़ने, पैक करने की लागत बढ़ने तथा पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत वृद्धि से परिवहन लागत में वृद्धि हुई है। किसान लगातार सरकारों से मांग कर रहे हैं कि उनकी उपज के मूल्य का न्यायसंगत भुगतान हो। उत्पादकों में यह मांग जोर पकड़ती जा रही है कि सेब की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण से समस्या का समाधान संभव है।दरअसल, किसानों की मांग है कि एमएसपी का निर्धारण प्रति पेटी के बजाय प्रति किलो सेब के आधार पर हो। साथ ही उनकी उपज के समय पर भुगतान, लोडिंग कीमतों के निर्धारण तथा नीलामी के माध्यम से फसल की बिक्री जैसे प्रावधान किये जाएं। वे राज्य व केंद्र सरकार से अविलंब हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। बागवान चेता रहे हैं कि यदि सरकारें कदम नहीं उठाती तो वे अदालत की शरण में जा सकते हैं। निस्संदेह सेब उत्पादकों की आय बढ़ाने हेतु सरकारी हस्तक्षेप अपरिहार्य ही है। दरअसल, बागवानों की समस्याएं देश के किसानों से अलग नहीं हैं जो अपनी उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य के हक को कानूनी दर्जा दिलाने को संघर्षरत हैं। दरअसल, बड़ी पूंजी की कंपनियों की मनमानी की आशंका के चलते ही देशभर के किसानों ने तीन कृषि सुधार कानून का करीब एक साल तक विरोध किया। कृषि उत्पाद बाजार को नियंत्रित करने की किसानों की आशंका हिमाचल के सेब बाजार में नजर आ रही है। जैसा कि दुनिया के तमाम विकासशील देशों में हो रहा है और कृषि व फल उत्पादकों को लाचार स्थिति में ला खड़ा किया है। लगता है हिमाचल के आसन्न विधानसभा चुनाव में सेब उत्पादकों की समस्याएं बड़ा मुद्दा बन सकती हैं। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य व सब्सिडी को इस समस्या के समाधान के रूप में देख रहे हैं। जिसके लिये वे सरकारों पर दबाव बनाने के मूड में हैं। यह भी तथ्य है कि हिमाचल के सकल घरेलू उत्पाद में सेब की हिस्सेदारी 13.5 फीसदी है।

# दूसरों की पीड़ा अनुभव करना ही मनुष्यता

एक सेठ की दुकान के बाहर कुछ मजदूर काम कर रहे थे। गर्मी का मौसम था। तेज धूप पड़ रही थी। एक मजदूर को जोर से प्यास लगी। वह दुकान के अंदर गया और मालिक से बोला, 'सेठजी प्यास लगी है थोड़ा पानी पिला दो।' सेठजी ने कहा कि अभी मेरे पास कोई आदमी नहीं है। ये कहकर उसने अपना मुंह फेर लिया। प्यासा आदमी पानी की तलाश में आसपास गया पर कहीं पानी नहीं मिला। कुछ देर बाद वह लौटा और दुकान के मालिक से फिर बोला, 'सेठजी सचमुच बहुत प्यास लगी है थोड़ा पानी पिला दो।' सेठजी ने झुंझलाते हुए कहा कि अभी बोला था न कि कोई आदमी नहीं है। प्यासे आदमी ने बड़ी दीनता से कहा, 'सेठजी थोड़ी देर के लिए आप ही आदमी बन जाइए न।' इस दृष्टांत ने कुछ सोचने पर मजबूर किया। थोड़ी देर के लिए आप ही आदमी बन जाइए इन शब्दों में कितना गहरा अर्थ छुपा हुआ है। इंसानियत की इससे अच्छी व्याख्या क्या हो सकती है?

कई बार जब कोई व्यक्ति कोई गलत काम करता है तो उसे भी प्राय: कह दिया जाता है कि आदमी बन जा अर्थात अपनी गलती को सुधार ले। अब ये गलतियां भी कई प्रकार की हो सकती हैं। किसी के काम करने में कोई गलती हो सकती है तो किसी में सद्गुणों का अभाव हो सकता है। अपनी गलतियों को सुधारना या दुर्गुणों अथवा विकारों से मुक्त होना भी सही आदमी या इंसान बनना ही है। मनुष्य योनि में जन्म लेने मात्र से कोई मनुष्य नहीं बन जाता। मनुष्य बनने के लिए प्रयास करना पड़ता है। कुछ त्याग करना पड़ता है। उर्दू के मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने भी कहा है, 'आदमी को भी मयस्सर नहीं इंसां होना।' क्या हम सचमुच मनुष्य नहीं हैं? क्या इंसां होना संभव नहीं? मनुष्य अथवा इंसान किसे कहते हैं? यदि हम मनुष्य अथवा इंसान नहीं हैं तो फिर मनुष्य या इंसान बनने का क्या उपाय है?

मनुष्य वास्तव में अपने कर्मों अथवा कार्यों से जाना जाता है। जैसे कर्म वैसा मनुष्य। अच्छे कर्म अच्छा मनुष्य और बुरे कर्म तो बुरा मनुष्य नहीं मनुष्य ही नहीं। अनिवार्य है कि मनुष्य कर्म करे अकर्मण्य न रहे। कर्म भी उपयोगी हों। कर्म निष्काम हो तो इससे तो अच्छी कोई बात ही नहीं।



मनुष्य के व्यवहार में जब इन विशेषताओं का ह्रास होता है तो उसकी मनुष्यता ही प्रभावित होती है। हम प्राय: अपनी हैसियत के मुताबिक़ अपने कार्यों को निश्चित कर लेते हैं। जब हम किसी बड़े पद पर आसीन अथवा बहुत दौलतमंद हो जाते हैं तो सोचते हैं कि अब छोटे-मोटे कार्य करना हमारे लिए सम्मानजनक नहीं। कई लोगों के तो बच्चों को भी दूसरे लोग ही दूध पिलाते और पालते-पोसते हैं। ये ठीक है कि हम अपनी हैसियत के अनुसार कार्य करते हैं। इसमें कोई दोष भी नहीं। लेकिन कुछ कार्य निश्चित रूप से ऐसे होते हैं जो बेशक छोटे दिखते हों लेकिन छोटे होते नहीं हैं। इन कार्यों को हमारे लिए अन्य कोई कर भी नहीं सकता। करेगा भी तो उसका वास्तविक लाभ हमें नहीं मिल पाएगा। इसके बावजूद हम ऐसा कर रहे हैं।सोचें कि क्या हमारे बदले में कोई किसी से प्रेम कर सकता है? हमारे दुखी होने पर क्या हमारे बदले में हमारी जगह कोई दुखी हो सकता है? संभव ही नहीं। जब हम ऐसा कोई कार्य करेंगे ही नहीं तो उसका आनंद अथवा संतुष्टि व उस आनंद व संतुष्टि से प्राप्त लाभ भी हमें नहीं मिल पाएगा। जब हम ऐसे ही कार्यों को करवाने के लिए दूसरों का मुंह ताकने लगते हैं तो हमारा धर्म, हमारी नैतिकता व हमारी स्वाभाविकता अर्थात हमारी मनुष्यता ही डगमगाने लगती है। किसी को एक गिलास पानी दे देना कोई बड़ी बात नहीं लेकिन किसी प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा धर्म ही नहीं। इस कार्य को करने से जो संतुष्टि मिलती है वो अद्वितीय होती है। यदि हम ये कार्य किसी और से करवाते हैं अथवा नहीं करते हैं तो हम उस आनंद से पूर्णत: वंचित रह जाते हैं। जो भी अच्छे कार्य होते हैं अथवा जिनमें धार्मिक होने का भाव निहित रहता है वे वास्तव में मनुष्य के स्वयं के उत्थान के लिए होते हैं। हम उन कार्यों की उपेक्षा करके कहने को तो हम मनुष्यता से वंचित हो जाते हैं लेकिन वास्तव में अपने मूल स्वरूप से कटकर अपने आध्यात्मिक विकास को ही अवरुद्ध कर लेते हैं।विडंबना ये होती है कि हम वे बड़े-बड़े कार्य ही करना चाहते हैं जो औरों का ध्यान आकर्षित कर सकें अथवा जिनसे हमें यश की प्राप्ति हो सके।

इसीलिए कई लोग लाखों रुपए खर्च करके बड़े-बड़े भंडारे तो लगवाते रहते हैं लेकिन यदि कोई भूखा-प्यासा उनसे सीधे रोटी या पानी मांग ले तो उनका व्यवहार बदल जाता है। वैसे तो दान-पुण्य के रूप में कई लोग काफी पैसा खर्च करते रहते हैं लेकिन अपने कर्मचारियों अथवा सेवकों की आवश्यकताओं के प्रति पूर्णत: असंवेदनशील बने रहते हैं। किसी दुखी व्यक्ति को देखकर उनके मन में पीड़ा उपजने के स्थान पर क्रोध का भाव उत्पन्न होने लगता है। इसी नकारात्मक भावों या विकारों से मुक्ति में ही निहित है वास्तविक मनुष्य बनने या होने का सूत्र। यदि हम काल्पनिक प्रतिष्ठा अथवा यश की कामना से रहित होकर फौरन किसी की मदद करने का संकल्प ले लें तो न केवल अधिक मानवीय हो सकेंगे अपितु हमारा वास्तविक आध्यात्मिक विकास भी संभव हो सकेगा। उर्दू शायर 'चकबस्त' ने ठीक ही कहा है .

## वाराणसी के सुधीर सक्सेना ने नेशनल किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

**वाराणसी।** अंतराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके वाराणसी के सुधीर सक्सेना ने राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इस चैंपियनशिप का आयोजन किकबॉक्सिंग एसोसिएशन चेन्नई के तत्वाधान में दिनांक 18 से 22 अगस्त तक नेहरू इंडोर स्टेडियम तमिलनाडु में हुआ।



सुधीर ने इससे पहले इटली में आयोजित हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया था और हाल ही में उज़्बेकिस्तान में देश के लिए कांस्य पदक जीता था। सुधीर की इस सफलता पर वाको इंडिया किकबॉक्सिंग के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने उन्हें बधाई दी है। एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे तथा अभी तक आर्थिक तंगी और प्रायोजकों के अभाव के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ लोहा लेते हुए सुधीर ने भारत के लिए अभी तक 1 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीता है। अंतराष्ट्रीय खेल किक बॉक्सिंग जिसमें भारत की पहुंच आज तक दुर्लभ देखी गई है, ऐसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्व चैम्पियनशिप और एशियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले सुधीर 12 राष्ट्रीय पदकों और चालीस से अधिक राज्य स्तर के विभिन्न पदकों के साथ आज भी खेल के प्रति लगनशील और देश के लिए समर्पित हैं। विभिन्न देशों में भारत का परचम लहराते आए सुधीर के बारे में भारत के किक बॉक्सिंग कोच कुलदीप चौधरी का कहना है कि सुधीर के हाथों में बचपन से ही भरपूर और गजब की ताकत बरकरार है और उनके हाथों के पंचो का कोई जवाब नहीं।

## भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ हुए कोरोना संक्रमित

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ कोरोना संक्रमित हो गए हैं। एशिया कप 2022 के लिए टीम के संयुक्त अरब अमीरात के लिए प्रस्थान से पहले द्रविड़ का कोविड-19 टेस्ट सकारात्मक निकला। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा,टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का एशिया कप 2022 के लिए टीम के यूएई जाने से पहले नियमित परीक्षण में कोविड-19 टेस्ट सकारात्मक निकला। द्रविड़ बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं और उनमें हल्के लक्षण हैं। एक बार कोविड-19 रिपोर्ट नकारात्मक आने के बाद वह टीम में शामिल हो जाएंगे।

एशिया कप 2022 यूएई में खेला जाएगा, जो 27 अगस्त से 11 सितंबर तक चलेगा। एशिया कप में हिस्सा ले रही छह टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान और एक क्वालीफाइंग टीम को ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान ग्रुप बी में हैं। प्रत्येक टीम ग्रुप स्टेज में एक बार दूसरे से खेलेगी, जिसमें प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर 4 राउंड में आगे बढ़ेंगी। सुपर 4 से शीर्ष 2 टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत वर्तमान में मौजूदा चैंपियन है, जिसने टूर्नामेंट का 2018 संस्करण जीता है, जो भारत का सातवां खिताब है।

**एशिया कप के लिए भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह , आवेश खान।

## जिम्बाब्वे पर तीसरे मैच में जीत के बाद अक्षर पटेल बोले- दो मैच खेलकर बाहर बैठना थोड़ा कठिन है

**हरारे ।** दो मैच खेलकर टीम से बाहर रहना कठिन है लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला अक्षर पटेल हर उस मौके को भुनाना चाहते हैं जो उन्हें मिल रहा है। वर्ष 2014 के बाद से वनडे क्रिकेट में 50 से अधिक विकेट लेने के बावजूद टीम में अक्षर की जगह पक्की नहीं है। उन्होंने कहा, 'आप दो मैच खेलते हैं और फिर अचानक बाहर बैठना थोड़ा कठिन होता है।' उन्होंने कहा, 'इसके बाद फिर दो या तीन मैच खेलकर बाहर बैठना पड़ता है। यह कठिन है लेकिन मैं खुद को यह कहकर समझाता हूं कि मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का यह मौका है।' कार्यभार प्रबंधन की कवायद में भारतीय टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को रोटेट करता रहता है। अक्षर ने कहा कि इन हालात में सकारात्मक मानसिकता के साथ खेलना और हर मैच को एक मौके की तरह लेना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'अगर मैं यहां अच्छा प्रदर्शन करूंगा तो अगला मैच खेलने का मौका मिलेगा।

# भारत ने जिमबावे से लगातार चौथी वनडे सीरीज क्लीन स्विप की, तीसरा वनडे 13 रन से जीता

**हरारे।** इनफार्म बल्लेबाज सिकंदर रजा का ताबड़तोड़ शतक भी हरारे के मैदान पर जिमबाब्वे पर भारत को लगातार चौथी वनडे सीरीज की जीत से रोक नहीं सका। 290 रन का पीछा कर रही जिमबाब्वे की टीम जब एक समय जहां 149 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी तब सिकंदर रजा ने एक छोर संभालकर ताबड़तोड़ रन बनाए। उन्हें मैच में 5 विकेट लेने वाले ब्राड इवांस का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 37 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 28 रन बनाए। सिकंदर ने 95 गेंदों में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 115 रन बनाए लेकिन टीम को जितवा नहीं पाए। इससे पहले भारत ने शुभमन गिल के 97 गेंदों में बनाए गए 130 रनों की बदौलत




जिमबाब्वे के सामने मजबूत लक्ष्य रखा था। इससे पहले भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी की शुरूआत की थी। ओपनिंग पर केएल राहुल के साथ शिखर धवन मौजूद रहे। दोनों ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। कप्तान राहुल 46 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाने में सफल रहे। इसके बाद धवन ने शुभमन के साथ आगे स्कोर बढ़ाया। धवन ब्राड इवांस की गेंद पर 40 रन बनाकर आऊट हुए।

शुभमन ने ईशान किशन के साथ मिलकर 140 रन की पार्टनरशिप की। ईशान ने 61 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। टीम इंडिया का लोअर ऑर्डर ज्यादा स्कोर नहीं बना पाया लेकिन शुभमन गिल ने एक छोर संभालकर लगातार रन बरसाए और 82 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। शुभमन ने 97 गेंदों में 15 चौके और एक छक्के की मदद से 130 रन बनाए और स्कोर को 289 रन पर ला खड़ा किया।

जिमबाब्वे के ब्राड इवांस ने 48 रन देकर 5 विकेट लिए तो वहीं नाउची ने 48 रन देकर 1 तो जोंगवे ने 49 रन देकर एक विकेट लिया। जवाब में खेलने उतरी जिमबाब्वे की शुरूआत नपीतुली रही। ओपनर कतानो 13 तो इनोसेंट कैया 6 रन बनाकर आऊट हो गए। लेकिन सीन विलियमस ने 45 रन बनाकर पारी को संभाल लिया। मध्यक्रम में आए सिकंदर रजा ने एकछोर संभालकर ताबड़तोड़ रन बनाए। उन्होंने 95 गेंदों में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से 115 रन बनाए और लक्ष्य का बाखूबी पेश किया।

अखिरी ओवर में सिकंदर का विकेट गिर जाने से निचला क्रम बल्लेबाजी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया। अकेले ब्राड इवांस ने 36 गेंदों में दो चौकों की मदद से 28 रन जरूर बनाए लेकिन अन्य बल्लेबाज कोई खास सहयोग नहीं दे पाया। भारत की ओर से दीपक चाहर ने 75 रन देकर दो, कुलदीप यादव ने 38 रन पर दो तो अक्षर पटेल ने 30 रन देकर दो विकेट। इसी तरह आवेश खान भी 66 रन देकर तीन विकेट निकालने में सफल रहे और अपनी टीम को जीत दिलवा दी।

# अंडर-18 वालीबाल टीम ने साउथ कोरिया को पराजित कर कांस्य पदक जीता

**भीलवाड़ा।** भारतीय पुरुष अंडर-18 वालीबाल टीम ने साउथ कोरिया को पराजित कर कांस्य पदक जीत लिया है। 14वीं एशियाई पुरुष अंडर-18 वालीबाल चेम्पियनशिप में भारतीय टीम ने 2023 में आयोजित होने वाली एफआईवीबी विश्व अंडर 19 पुरुष वालीबाल चेंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया है।

ईरान के तेहरान शहर में 15 से 22 अगस्त तक आयोजित हुई 14 वीं एशियाई पुरुष अंडर-18 वालीबाल चेम्पियनशिप में रविवार को कांस्य पदक के मुकाबले के लिए भारत व साउथ कोरिया के मध्य रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ। जिसमें भारतीय टीम ने यह मुकाबला 3 - 2 सेटों से जीत कर कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय टीम ने आज एक धुंआधार खेल की शुरुआत की तथा पहले के 2 सेट बहुत ही आसानी से जीत लिए लेकिन तीसरे सेट में कोरिया की टीम ने वापसी करते हुए तथा



उपस्थित लोगों का स्पोर्ट मिलने एवं भारतीय टीम का कुछ ढीलापन का खेल दोनों के कारण 3 एवं 4 सेट गंवा दिया। लेकिन 5 वें सेट में भारतीय टीम के ब्लाकर, अटैकर एवं लिब्रो ने अपने टेक्निकल एवं अटैक खेल से 15-12 से कोरिया को पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि से टीम ने भारत में भारतीय वालीबाल संघ का नाम रोशन किया।

भारतीय टीम के खिलाड़ियों सेटर कबीलन, धुरविल पटेल, शेखर तुरान, कुश सिंह, लिब्रो यमन खटीक, कार्तिक शर्मा, आर्यन बालियान ने बहुत ही अच्छा एवं सर्वश्रेष्ठ खेल खेला और भारतीय टीम को कांस्य पदक दिलाया।

टीम की इस जीत के लिए भारतीय वालीबाल संघ के अध्यक्ष अच्युता सामंता-सांसद, चेयरमैन एस. वासुदेवन, भारतीय वालीबाल संघ के महासचिव अनिल चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं राजस्थान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रामावतार सिंह जाखड़, कोषाध्यक्ष सुनील तिवाड़ी एवम सभी वीएफआई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी है। टीम के खिलाड़ियों, भारतीय वालीबाल टीम के मुख्य प्रशिक्षक बीर सिंह यादव, डा. शैलेश कुमार तथा टीम के मैनेजर जे. नदराजन सहित सभी सदस्यों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम 2023 में आयोजित होने वाली एफआईवीबी विश्व अंडर 19 पुरुष वालीबाल चेंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

## धीमी ओवर गति के कारण वेस्टइंडीज पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना

**ब्रिजटाउन।** वेस्टइंडीज पर बारबाडोस में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने निकोलस पूरन के नेतृत्व वाली वेस्टइंडीज की टीम को तय समय में लक्ष्य से दो ओवर कम फेंके जाने का दोषी पाया।



आईसीसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 'खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर-गति के जुर्माने से संबंधित) के अनुसार प्रत्येक ओवर की देरी के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।' इसके अलावा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग खेलने की स्थिति के अनुच्छेद 16.12.2 के अनुसार, एक पक्ष को प्रत्येक ओवर शॉर्ट के लिए एक अंक का दंड दिया जाता है। नतीजतन, वेस्टइंडीज के दो अंक काट लिए गए। पूरन ने अपना अपराध मान लिया है और प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जोएल विल्सन और लेस्ली रीफर, तीसरे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट और चौथे अंपायर नाइजेल डुगिड ने आरोप लगाया था।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप : पोनप्पा-सिक्की दूसरे दौर में, प्रणीत बाहर

**टोक्यो।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीत पुरुष एकल वर्ग के पहले दौर में हारकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2022 से बाहर हो गए हैं। प्रणीत को पहले दौर के मुकाबले में चीन के चाउ टिएन चेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कोर्ट एक पर खेलते हुए प्रणीत यह मैच 21-15, 15-21, 21-15 से हार गए। प्रणीत की शुरुआत अच्छी नहीं रही, वह पहला गेम हार गए, हालांकि उन्होंने दूसरा गेम जीतने के लिए वापसी की। चेन ने फाइनल गेम अपने नाम किया और दूसरे दौर में



प्रवेश किया।

दूसरी ओर महिला युगल वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और रेड्डी एन. सिक्की ने मालदीव के फातिमथ नबाहा अब्दुल रज्जाक और अमीनाथ नबीहा अब्दुल रज्जाक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने मालदीव की जोड़ी को सीधे गेमों में 21-7, 21-9 से हराया।

इसके अलावा मिश्रित युगल वर्ग में, तनीषा क्रैस्टो और ईशान भटनागर की भारतीय जोड़ी ने अपने पहले दौर के मैच में फ्रांज़िस्का वोल्कमैन और पैट्रिक शील की जर्मन जोड़ी के खिलाफ जीत हासिल की। कोर्ट 4 पर खेलते हुए भारतीय जोड़ी ने जर्मन जोड़ी को 21-12, 21-13 से हराया। वहीं महिला एकल वर्ग के पहले दौर में मालविका बंसोड़ डेनमार्क की रेखा क्रिस्टोफरसन से हार गईं। रेखा ने मालविका को 21-14, 21-12 से हराया।

## बास्केटबॉल में रानी रेवती देवी एवं बैडमिंटन में काशी प्रांत अव्वल

**प्रयागराज।** विद्या भारती से सम्बद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 33वीं क्षेत्रीय बैडमिंटन में काशी प्रांत एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रानी रेवती देवी अव्वल रहा। प्रतियोगिता का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय के संरक्षण में आयोजित प्रतियोगिता समारोह में भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद सिंह ने खिलाडी भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि 'करत करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान, रसरी आवत जात ते सिल पर होत निशान' निरंतर अभ्यास करते रहने से हमारे भैया बहन यहां से जीतने के बाद अखिल भारतीय प्रतियोगिता उसके पश्चात एसजीएफआई, वर्ल्ड गेम फेडरेशन में भागीदारी करेंगे। कहा कि निरंतर अभ्यास ही आपको आगे ले जाएगा। अध्यक्षीय आशीर्वचन में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ रघुराज सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। हम जितना स्वस्थ होंगे उतना ही ज्ञानवान होंगे। हम जितना अधिक परिश्रम करेंगे उतना ही आगे बढ़ेंगे, उतना ही हमारे खेल में हमारा प्रदर्शन अच्छा होगा।

# एशिया कप : शाहिन शाह अफरीदी की जगह मोहम्मद हसनैन पाकिस्तानी टीम में शामिल

**कराची।** आगामी एशिया कप 2022 के लिए चोटिल शाहिन शाह अफरीदी की जगह मोहम्मद हसनैन को पाकिस्तानी टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उक्त जानकारी दी।

22 वर्षीय हसनैन ने 18 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें उन्होंने 17 विकेट लिए हैं।

हसनैन यूनाइटेड किंगडम से टीम में शामिल होंगे, जहां वह द हंड्रेड प्रतियोगिता में ओवल इनविजिबल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, आसिफ अली, हैदर अली, इफ्तिखार अहमद और उस्मान कादिर मंगलवार की तड़के दुबई के लिए रवाना होंगे। वे अब्दुल्ला शफीक, इमाम-उल-हक, मोहम्मद हारिस, सलमान अली



आगा और जाहिद महमूद की जगह लेंगे। पिछले हफ्ते शाहीन को 4-6 हफ्ते के आराम की सलाह के बाद एशिया कप से बाहर कर दिया गया था। नतीजतन, वह इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भी नहीं खेलेंगे।

पाकिस्तान एशिया कप 2022 में रविवार, 28 अगस्त को दुबई में अपने पहले मैच में भारत से भिड़ेगा, जबकि उसका दूसरा ग्रुप ए मैच शुक्रवार, 2 सितंबर को शारजाह में क्वालीफायर (यूएई, कुवैत, सिंगापुर या हांगकांग) के खिलाफ होगा। सुपर फोर मैच 3-9 सितंबर तक खेले जाएंगे।

एसीसी टी20 एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उपकप्तान), आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रउफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहनवाज दहानी और उस्मान कादिर।

# करियर में जो कुछ भी हो रहा है उसे सकारात्मक तरीके से लेना चाहिए : संजू सैमसन

**हरारे।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि उनका मानना है कि अपने करियर में जो कुछ भी हो रहा है उसे सकारात्मक तरीके से लेना चाहिए।

सैमसन ने जिम्बाब्व के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में 39 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाकर भारत को जीत तक पहुंचाया। इस मुकाबले में भारतीय टीम 97 रनों पर चार विकेट खोकर मुश्किलों में थी, जिसके बाद संजू ने अपनी पारी से भारतीय टीम को मुश्किलों से निकाल जीत तक पहुंचाया।

सैमसन ने कहा, मैं वास्तव में दबाव की स्थिति में (दूसरे वनडे में) होने के लिए उत्साहित था और वे अच्छी गेंदबाजी भी कर रहे थे। मैंने वास्तव में बीच में समय का आनंद लिया। मुझे विश्वास है कि आप अपने करियर में जो कुछ भी करते हैं, आपको करना होगा इसे सकारात्मक तरीके



से लें। मुझे पिछले चार-पांच साल से घरेलू क्रिकेट खेलने में बहुत मजा आया। वहां अच्छा प्रदर्शन करना चुनौतीपूर्ण है और इसने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बनाया है। उन्होंने कहा, आईपीएल ने क्रिकेट के प्रति मेरा दृष्टिकोण बदल दिया है। पहले मैं केवल अपनी बल्लेबाजी, अपने खेल के बारे में सोचता था। कप्तानी एक अलग मानसिकता लाने में मदद करती है - अपने खेल के अलावा दूसरों के बारे में भी सोचें। मुझे आश्चर्य होता है [उनकी फैन फॉलोइंग पर] कि भारत के लिए बहुत कम खेलने के बावजूद, मुझे अच्छा समर्थन मिलता है। मैं वहां अच्छा महसूस करता हूं। 2014 में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बावजूद, सैमसन ने केवल 16 टी-20 और छह एकदिवसीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है। 16 टी20 में, उन्होंने 21.14 के औसत से 296 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77 है। एकदिनी में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए छह मैचों में 53.66 की औसत से 161 रन बनाए हैं। इस प्रारूप में उनके नाम सर्वश्रेष्ठ स्कोर 54 है।

# रायपुर-28वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस टीम रवाना

**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वाधान में भारतीय वेटरन्स टेबल टेनिस कमेटी के सहयोग से जम्मू एवं कश्मीर टेबल टेनिस संघ द्वारा 23 से 28 अगस्त 2022 तक 28वीं राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष शरद शुक्ला के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के मास्टर्स टीम की घोषणा की गयी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मास्टर्स टीम को टी शर्ट्स का वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ मास्टर्स टीम रवाना हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े, छत्तीसगढ़ वेटरन टेबल टेनिस समिति के चेयरमेन प्रदीप जनवदे उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ मास्टर्स टीम आज रवाना हुयी, जिनके साथ टीम के कोच एसव्ही पेंढारकर (रायपुर महानगर) एवं मेनेजर शैलेष गोलछा (रायपुर) हैं। घोषित टीम में पुरुष (आयु वर्ग 40) में डॉ. अविनाश इंग्ले (रायपुर महानगर), महिला (आयु वर्ग 40) शिखा खांडे (बिलासपुर), पुरुष (आयु वर्ग 50) (८) गिरिराज बागड़ी- कप्तान (रायपुर), राजेश अग्रवाल (रायपुर), सुरेश शादीजा (रायपुर), शैलेश गोलछा (रायपुर), विनय केजरीवाल (रायपुर महानगर), पुरुष (आयु वर्ग 50) (क्र) अरविंद कुमार शर्मा - कप्तान (रायपुर महानगर), संजय लहेजा (बिलासपुर), राजशेखर शर्मा (रायपुर महानगर), पुरुष (आयु वर्ग 60) प्रदीप कुमार जोशी- कप्तान (रायपुर), जेएम राठोड़ (रायपुर महानगर), एस. व्ही. पेंढारकर (रायपुर महानगर), महिला (आयु वर्ग 60) गौरी डे (बिलासपुर), पुरुष (आयु वर्ग 65) प्रदीप जनवदे (रायपुर), महिला (आयु वर्ग 65) सरबरी मोइत्रा (बिलासपुर), पुरुष (आयु वर्ग 70) जीएल अग्रवाल (रायपुर महानगर) हैं। उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

# भारत-ब्रिटेन रिश्तों में इस बदलाव के इच्छुक हैं सुनक, भारतवंशियों से बोले- 'आप सब मेरे परिवार के'

**लंदन।** ब्रिटेन के पीएम पद की दौड़ में अग्रणी ऋषि सुनक भारत व ब्रिटेन के संबंधों में दोतरफा विस्तार के इच्छुक हैं। अगले माह होने वाले पीएम के चयन से पहले वे ब्रिटेन के भारतवंशियों के बीच पहुंचे और कहा कि वे दोनों देशों के रिश्तों को और ज्यादा द्विपक्षीय बनाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि ब्रिटेन के विद्यार्थियों और निवेशकों के लिए भी भारत के द्वार आसान हों। शाम उत्तरी लंदन में कंजरवेटिव फ्रेंड्स ऑफ इंडिया संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुनक ने यह बात कही। उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद अनिवासी भारतीयों से मिश्रित भाषा में अभिवादन करते हुए कहा, 'नमस्ते, सलाम, केम छो, किद्दा।' उन्होंने हिंदी में कहा, 'आप सब मेरे परिवार के हो'।

सुनक ने कहा कि हम जानते हैं कि भारत ब्रिटेन रिश्ते अहम हैं। अनिवासी भारतीयों के संगठन की सह-अध्यक्ष रीना रेंजर के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम दोनों देशों के बीच एक सेतु की तरह हैं। हम सभी ब्रिटेन के लिए भारत में अवसर के बारे में जागरूक हैं। लेकिन, असल में हमें इस रिश्ते को अलग तरह से देखना होगा, क्योंकि ब्रिटेन में हमारे लिए भारत से सीखने को बहुत कुछ है। ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री सुनक ने कहा, 'मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हमारे विद्यार्थी भी भारत जाएं और वहां जाकर सीखें। इसी तरह हमारी कंपनियां व भारतीय



कंपनियां मिलकर काम करें। यह बड़ा बदलाव मैं दोनों देशों के रिश्तों में लाना चाहता हूं।'

उल्लेखनीय है कि आम तौर पर भारतीय विद्यार्थी ब्रिटेन में पढ़ने जाते हैं, सुनक इसे दोतरफा करना चाहते हैं। भारत में कई विश्व स्तरीय शिक्षा संस्थान हैं, जिनमें अध्ययन के लिए कई देशों के छात्र यहां आते हैं।

**चीन को लेकर सुनक ने यह कहा**

चीन को लेकर ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन को ड्रैगन की बढ़ती आक्रामकता के खिलाफ बचाव में बहुत मजबूत होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चीन और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़े खतरे हैं। उसका सामना ब्रिटेन लंबे समय से कर रहा है और हमें इसके लिए जिंदा रहने की जरूरत है। सुनक ने साफ शब्दों में कहा कि आपके प्रधानमंत्री के रूप में मैं आपको, आपके परिवार और हमारे देश ब्रिटेन को सुरक्षित रखने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करूंगा, क्योंकि एक कंजरवेटिव प्रधानमंत्री के रूप में मेरा यह पहला कर्तव्य है।

**ढोल की थाप व तालियों की गड़गड़ाहट गूंजी**

उत्तरी लंदन के हैरो में धमेचा लोहाना सेंटर में ढोल की थाप और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पूर्व मंत्री सुनक ने मौजूदा लोगों को संक्षित उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में सैकड़ों टोरी सदस्य मौजूद थे, जो उनसे हाथ मिलाने के लिए कतार में खड़े थे।

भीड़ में मौजूद बुजुर्गों ने सुनक को आशीर्वाद दिया और उनकी पीठ थपथपाई। आठ साल के बालक तनीश साहू के लिए यह क्षण अविस्मरणीय हो गया, जब सुनक ने उन्हें अपनी बाहों में भर लिया।

## यूक्रेन पर फिर बड़े प्रहार की तैयारी में रूस, अमेरिका ने चेताया

**मास्को।** पिछले करीब छह माह से जारी जंग के बीच रूस अब यूक्रेन पर फिर बड़ा प्रहार करने की तैयारी में है। अमेरिका ने खुफिया एजेंसियों के हवाले से खबर दी है कि रूस आने वाले दिनों में यूक्रेन के नागरिक प्रतिष्ठानों और सरकारी ढांचे पर धावा बोलने वाला है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि हमें सूचना मिली है कि रूस ने यूक्रेन के नागरिक व सरकारी ढांचे को तहस नहस करने के लिए तैयारी तेज कर दी है। हम जानते हैं कि यूक्रेन के नागरिकों व सरकारी ढांचे पर रूसी खतरा कायम है।

**रूस ने एटमी संयंत्र के पास दागे रॉकेट**

रूस ने सोमवार तड़के दक्षिणी यूक्रेन में यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पश्चिमी शहरों पर रॉकेट दागे हैं। यूक्रेन ने रूसी हमलों के डर से सोवियत शासनकाल के समय से आयोजित हो रहे स्वतंत्रता समारोह की रैलियों पर पाबंदी लगा दी है। रूस के कब्जे वाल दिनिप्रो नदी के दक्षिणी तट पर जपोरिझिया परमाणु संयंत्र परिसर के पास तोपखाने और रॉकेट के हमलों ने क्षेत्र में परमाणु आपदा का खतरा भड़का दिया है। इसे देखते हुए आसपास के क्षेत्र का विसैन्यीकरण करने की अपील की गई है। जानकारी के मुताबिक, संयंत्र पर हुए हमलों के चलते इसका कुछ हिस्सा बर्बाद हो गया है। फरवरी में यूक्रेन पर हमले के तुरंत बाद रूसी सेना ने इस संयंत्र पर कब्जा कर लिया था। लेकिन यह अब भी मुख्य रूप से यूक्रेनी तकनीशियनों द्वारा चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय गवर्नर वैलेंटाइन रेजनिचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा कि रातों-रात रूसी रॉकेट निकोपोल, रूसी कब्जे वाले एनरहोदर से निप्रो के पार, क्रिवी रिह और सिनेलनिकोवस्की क्षेत्रों पर आक्रामक हुए और रॉकेट बरसाए। यहीं एटमी संयंत्र है।

## इंग्लैंड और वेल्सः क्रिमिनल बैरिस्टर ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में किया मतदान, वेतन बढ़ोतरी की मांग

**लंदन।** पिछले करीब छह माह से जारी जंग के बीच रूस अब यूक्रेन पर फिरइंग्लैंड और वेल्स की अदालतों में आपराधिक मामलों को देखने वाले वकीलों ने देश में बढ़ती महंगाई के बीच वेतन समझौते की मांग को लेकर सोमवार को 5 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के पक्ष में मतदान किया। इंग्लैंड और वेल्स में अपराधों के आरोपियों पर मुकदमा चलाने और उनका बचाव करने वाले वकीलों का प्रतिनिधित्व करने वाले द क्रिमिनल बार एसोसिएशन ने कहा कि सदस्यों




ने पूरी तरह से औद्योगिक कार्रवाई के लिए मतदान किया। अब तक सदस्य वेतन, काम करने की स्थिति और कानूनी सहायता के वित्तपोषण को लेकर सरकार के साथ विवाद को लेकर हर दूसरे सप्ताह हड़ताल कर रहे हैं। सीबीए ने सदस्यों के अपने नवीनतम मतपत्र के बाद कहा कि हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारे सदस्यों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति इतनी गहरी प्रतिबद्धता का लगातार प्रदर्शन किया है। यह सामूहिक कार्रवाई की शक्ति और सुनवाई की मांग में एक अटूट अंतर्निहित विश्वास को दर्शाता है। मतपत्र की शर्तों के अनुसार, सीबीए सदस्यता ने विकल्प 2बी [कार्रवाई की वृद्धि] के पक्ष में मतदान किया है। इसका मतलब है कि कार्रवाई के सप्ताह बिना किसी नए निर्देश (जिसमें कोई रिटर्न शामिल नहीं है) के साथ सोमवार 5 सितंबर से अनिश्चित काल के लिए लागू होगा।

## राष्ट्रपति के मुख्य चिकित्सा सलाहकार का पद छोड़ेंगे डॉ. फौची, कोरोनाकाल में बने थे ट्रंप-बाइडन की पसंद

**वाशिंगटन** अमेरिका के महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर एंथनी फौची दिसंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के मुख्य चिकित्सा सलाहकार के रूप में पद छोड़ देंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने एलान किया कि वह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज के निदेशक और राष्ट्रपति बाइडेन के मुख्य चिकित्सा सलाहकार के रूप में अपने पदों से हट जाएंगे। गौरतलब है कि डॉक्टर एंथनी फौची पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बेहद खास लोगों में शुमार हैं।

उन्होंने एक बयान में उन्होंने कहा कि 'मैं अपने कॅरियर के अगले अध्याय को शुरू करने के लिए इस साल दिसंबर में इन पदों को छोड़ दूंगा।' उन्होंने अपनी इन भूमिकाओं को जीवनभर के लिए दिया जाने वाला सम्मान बताया। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान जारी करके डॉक्टर फाउची की प्रशंसा की है। बाइडन ने कहा कि आप उनसे व्यक्तिगत रूप से मिले हों या नहीं, लेकिन उन्होंने अपने काम से सभी अमेरिकियों के जीवन को स्पर्श किया है।

## जापान का यूक्रेन को समर्थन जारी, रूस के खिलाफ प्रतिबंध बरकरार

**टोक्यो।** जापान ने यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों को बरकरार रखने की घोषणा की है। इस बीच यूक्रेन में रूस का विशेष सैन्य अभियान जारी है।

जापान के वित्तमंत्री शुनिची सुजुकी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक की और जी7 समूह में शामिल देशों के साथ समन्वय रखते हुए यूक्रेन का समर्थन करते रहने और रूस के खिलाफ प्रतिबंध जारी रखने सहित राजनयिक प्रतिक्रिया देते रहने का निर्देश



दिया। शुनिची सुजुकी ने पत्रकारों से कहा- 'हम जी7 समूह में शामिल देशों के साथ जुटकर काम करते रहना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री का निर्देश अंतरराष्ट्रीय समुदायों के अनुरूप होगा और कार्रवाई भी इसी के अनुरूप की जाएगी।' सुजुकी ने कहा कि हालांकि, इस दौरान मंत्रियों ने लगाए जाने वाले किसी नए प्रतिबंध की बात नहीं की। उल्लेखनीय है कि जापान अपने नागरिकों को रूस की यात्रा न करने की सलाह दे चुका है। साथ ही यूक्रेन की सीमा से लगे रूसी क्षेत्रों के लिए शीर्ष स्तर 4 की चेतावनी भी जारी कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संदेश प्रणाली 'स्विफ्ट' से रूसी बैंकों को प्रतिबंधित करने के निर्णय में अमेरिका और यूरोपीय देशों का साथ देने का फैसला ले चुका है।

## श्रीलंका के हंबनटोटा से वापस लौटा चीन का जासूसी जहाज



**कोलंबो।** श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंचा चीन का जासूसी जहाज छह दिन लंगर डालने के बाद वापस लौट गया है। बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रह पर नजर रखने में सक्षम पोत चीनी जासूसी पोत युआन वांग के श्रीलंका आने पर भारत ने सुरक्षा चिंताओं को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। पहले श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से अनुमति नहीं मिलने के कारण चीन का यह जासूसी जहाज देरी से हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचा था। बंदरगाह के मास्टर निर्मल सिल्वा ने संवाददाताओं से कहा कि पोत स्थानीय समयानुसार 22 अगस्त की शाम चार बजे बंदरगाह से रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा कि वह चीन के जियांग यिन बंदरगाह पहुंचेगा। यह जहाज 16 अगस्त को हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचा था।

भारत ने आशंका जताई थी कि श्रीलंकाई बंदरगाह की ओर जाते समय यह पोत भारत के रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी के प्रयास कर सकता है। हालांकि, चीन ने इन आशंकाओं को खारिज कर दिया था। श्रीलंका भी जहाज को हंबनटोटा आने की इजाजत देने में काफी ऊहापोह में था। हालांकि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया के समय में ही चीन को मंजूरी दे दी गई थी। भारत ने चीनी जहाज को हंबनटोटा में रुकने की इजाजत देने पर ऐतराज जताया था। इसपर श्रीलंका ने सफाई दी थी कि जहाज को किसी तरह की सामरिक गतिविधि को इजाजत नहीं दी गई है।

## तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को धमकाया

**काबुल।** अफगानिस्तान पर कब्जा कर चुका तालिबान और बेखौफ हो गया है। अब उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को धमकी दी है। तालिबान ने यात्रा प्रतिबंध छूट के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के बीच असहमति के मद्देनजर चेताया है। तालिबानी अधिकारियों ने कहा है कि यदि परिषद ने यात्रा प्रतिबंध छूट को बढ़ाने से इनकार किया तो उनके धैर्य का बांध टूट सकता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के तीन स्थायी सदस्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस तालिबान अधिकारियों पर यात्रा प्रतिबंध लगाना चाहते हैं। परिषद के अन्य दो स्थायी सदस्य रूस और चीन 13 तालिबान अधिकारियों को इसमें छूट देने के पक्ष में हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस बात पर मतदान करवा कर फैसला लेगी कि तालिबान के



13 अधिकारियों की यात्रा छूट को बढ़ाया जाए या नहीं। अफगान तालिबान अधिकारियों की यात्रा छूट प्रतिबंध 19 अगस्त को समाप्त हो गए हैं। परिषद इस बात को लेकर संशय में है कि यात्रा प्रतिबंध छूट को बढ़ाया जाए या नहीं। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बल्खी ने ट्वीट किया है कि दोहा समझौते के तहत तालिबान के खिलाफ सभी प्रतिबंधों को रद्द कर दिया जाना चाहिए। इसी के साथ तालिबान अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि परिषद ने यात्रा प्रतिबंध छूट को बढ़ाने से इनकार किया तो वह कठोर रुख अपनाने को मजबूर हो सकते हैं।

## सिडनी में बोले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान- भारत को कौशल आधारित शिक्षा की जरूरत

**सिडनी।** भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इन दिनों तीन दिवसीय आस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। सुबह उन्होंने सिडनी में आस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर से मुलाकात की। इस दौरान कुछ अन्य शिक्षाविद् भी मौजूद रहे। इसके बाद शाम को उन्होंने आस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के प्रमुख लोगों से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि हाल ही में केंद्रीय राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने भी आस्ट्रेलिया का दौरा तिया था। सिडनी में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में उनके स्वागत के लिए एक बैठक और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि उनकी इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और कौशल को लेकर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध स्थापित करना है। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान टेफ के बारे में भी चर्चा की। अपने संबोधन में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारतीयों ने आस्ट्रेलिया के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## जयशंकर बोले- भारत वैश्विक स्तर पर उभरती हुई शक्ति और एशिया में एक क्षेत्रीय शक्ति

**न्यूयार्क।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर लैटिन अमेरिका के तीन प्रमुख देशों ब्राजील, अर्जेंटीना व पराग्वे के दौरे पर हैं। जयशंकर अपनी यात्रा के पहले पड़ाव के तहत पराग्वे पहुंचे। यहां उन्होंने पराग्वे के विदेश मंत्री जूलियो सीजर एरियोला के साथ 'सार्थक' बातचीत की बड़ी विकास साझेदारी और अधिक प्रशिक्षण के लिए आदान-प्रदान के संबंध में होता है। जयशंकर ने एरियोला के साथ संयुक्त प्रेस बयान में कहा, 'आज, हमने बहुत सार्थक बातचीत की। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। हमने



विकास, व्यापार, विकास साझेदारी और निवेश को लेकर चर्चा की।' उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के अलावा ऐसे कई अन्य क्षेत्र हैं जहां दोनों पक्ष मिलकर काम कर सकते हैं जैसे संस्कृति, नागरिक समाज, स्वास्थ्य, शिक्षा और पारंपरिक चिकित्सा। जयशंकर ने परोक्ष रूप से चीन के संदर्भ में कहा, ÷विश्व की स्थिति पर हमने बहुत अच्छी बातचीत की। हमने अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति साझा प्रतिबद्धता जताई।, ऐसा विश्व जो अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करता हो, समझौतों का सम्मान करता हो और बहुपक्षवाद का समर्थन करता हो।'' जयशंकर ने एरियोला को आश्वासन दिया कि उनके लिए भारत एक बहुत अच्छा भागीदार होगा। एरियोला ने कहा कि पराग्वे की इस क्षेत्र में भारत का रणनीतिक भागीदार बनने में गहरी रुचि है। उन्होंने पराग्वे के औद्योगिक संघ में एक व्यापारिक सभा को संबोधित किया। जयशंकर ने इस सभा में शामिल होने के लिए पराग्वे के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लुइस अल्बर्टो कास्टिग्लिओनी को धन्यवाद दिया। उन्होंने पराग्वे में भारतीय दूतावास का भी उद्घाटन किया और कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि इस देश में दूतावास के साथ, हमारे बीच सहयोग के अवसर बढ़ेंगे। जयशंकर ने कहा कि व्यापार और निवेश हमारी द्विपक्षीय गतिविधियों का केंद्र बिंदु होगा। मैंने भारत में अवसरों को तलाशने के लिए पराग्वे के व्यवसायियों को आमंत्रित किया। विश्वास है कि भारतीय व्यवसाय पराग्वे में समान रूप से सक्रिय होंगे। बाद में, जयशंकर ने पराग्वे के राष्ट्रपति मारितो अब्दो से भी मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से व्यक्तिगत तौर पर शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट किया, मेरा स्वागत करने के लिए पराग्वे के राष्ट्रपति मारितो अब्दो का धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से व्यक्तिगत शुभकामनाएं दीं। हमारे द्विपक्षीय संबंधों एवं वैश्विक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। इससे पहले, जयशंकर ने महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का भी अनावरण किया और ऐतिहासिक कासा डे ला इंडिपेंडेंसिया का दौरा किया, जहां से दो शताब्दी से अधिक पहले दक्षिण अमेरिकी देश का स्वतंत्रता आंदोलन शुरू हुआ था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## दोहरे रवैये पर संयुक्त राष्ट्र में भारत ने चीन को घेरा

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक बार फिर चीन को घेरते हुए दोहरे रवैये का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने चीन-ताइवान तनाव की पृष्ठभूमि में साझा सुरक्षा पर चीन को खरी-खरी सुनाई। कंबोज ने कहा कि कोई भी जबरदस्ती या एकतरफा कार्रवाई जो शक्ति से बदलने का प्रयास करती है, वह आम सुरक्षा का अपमान है।

रुचिरा कंबोज ने अपने संबोधन में कहा कि साझा सुरक्षा तभी संभव है जब एक देश दूसरे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें। उन्होंने इसके साथ चीन के दोहरे रवैये की तरफ इशारा करते हुए कहा कि साझा सुरक्षा तभी संभव है, जब सभी देश आतंकवाद जैसे आम खतरों के खिलाफ एक साथ खड़े हों। कंबोज ने 2020 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को भी याद किया




जिसमें पीएम ने कहा था कि प्रतिक्रियाओं, प्रक्रियाओं और संयुक्त राष्ट्र के चरित्र में सुधार समय की आवश्यकता है। हम सामान्य सुरक्षा की आकांक्षा कैसे कर सकते हैं, जब विकासशील देशों को निर्णय लेने के प्रतिनिधित्व से वंचित रखा जाता है।

कंबोज ने आगे कहा कि हमारे देश के लिए सबसे जरूरी सुरक्षा परिषद को विकासशील देशों का अधिक प्रतिनिधि बनाना है। ताकि इन देशों को भी अधिक प्रतिनिधित्व का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि हम इस भूल सकते हैं कि अफ्रीकी महाद्वीप का सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व नहीं है। काम्बोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों से पूछा, हम अफ्रीका में सामान्य सुरक्षा की आकांक्षा कैसे कर सकते हैं, जब निकाय उन्हें स्थायी रूप से प्रतिनिधित्व से वंचित करता है।

वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 गैर-स्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका हैं और ये देश किसी भी मूल प्रस्ताव को वीटो कर सकते हैं। वहीं, सितंबर 2021 में भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के जी-4 राष्ट्रों ने विकासशील देशों और प्रमुख योगदानकर्ताओं को प्रतिनिधि बनाने के लिए सुरक्षा परिषद में सुधार की तात्कालिकता को रेखांकित किया।

## मस्क ने दोस्त जैक डोर्सी से मांगी मदद, ट्विटर डील तोड़ने के मामले में गवाही के लिए समन

**लंदन** माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर को खरीदने के करार से पीछे हटने के बाद टेस्ला के सीईओ एलन मस्क कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। ट्विटर ने उनके खिलाफ अमेरिका के डेलावेयर की कोर्ट में समझौते के एकतरफा उल्लंघन को लेकर दावा लगाया है। इसमें मदद के लिए मस्क ने अब ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी से मदद मांगी है। डोर्सी को कोर्ट ने समन भेजकर गवाही के लिए बुलाया है।

कोर्ट में पेश दस्तावेजों के अनुसार मस्क चाहते हैं कि 44 अरब डॉलर में ट्विटर की खरीदी के करार से बाहर निकलने में डोर्सी उनकी मदद करें और उनकी दलीलों के समर्थन में गवाही दें। ट्विटर-मस्क केस में डेलावेयर की कोर्ट 17 अक्तूबर को आगे सुनवाई करेगी। डोर्सी को इस दिन पेश होने के लिए समन भेजा गया है। ट्विटर व मस्क के बीच विवाद यह है कि टेस्ला के सीईओ को यह सोशल मीडिया साइट खरीदने के लिए बाध्य किया जा सकता है या नहीं? यदि मस्क एकतरफा व मनमाने ढंग से डील तोड़ते हैं तो उन्हें ट्विटर को हर्जाना देना होगा। मस्क के डील खत्म करने के एलान के बाद ट्विटर ने उनके खिलाफ कोर्ट केस किया है।